दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 06

ग्वालियर, शनिवार 01 अक्टूबर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

पीएम मोदी ने तीसरी वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, 5 घंटे 25 मिनट में गांधीनगर से मुंबई पहुंचेगी

अहमदाबाद। देश के तीसरी तीव्रगति की वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गुजरात दौरे के दौरान शुक्रवार को गांधीनगर से मुंबई के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत ट्रेन गुजरात के गांधीनगर से मुंबई के बीच चलेगी। वंदे भारत को हरी झंडी दिखाते वक्त भारत माता के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

खबरों के मुताबिक पीएम मोदी ने आज शुक्रवार की सुबह गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन से 'वंदे भारत एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत ट्रेन के जरिए अब 5 घंटे 25 मिनट में गांधीनगर से मुंबई तक पहुंचा जा सकता है। माना जा रहा है कि वह अहमदाबाद के गांधीनगर से कालूपुर रेलवे स्टेशन जाने वाली ट्रेन में यात्रा भी करेंगे। साथ ही कालूपुर स्टेशन से प्रधानमंत्री 12,925 करोड़ रुपये की लागत की महत्वाकांक्षी व बहुप्रतीक्षित अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे।

शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री मोदी 7,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए बनासकांठा जिले के अंबाजी शहर पहुंचेंगे। वहां एक जनसभा को संबोधित करने के बाद वह प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर में आरती में हिस्सा लेंगे। बता दें कि गुजरात, पीएम मोदी का गृह राज्य है और इस साल के अंत तक वहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में करीब तीन दशक से शासन कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में कायम रहने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यह मेड इन इंडिया ट्रेन है। इसके अलावा, गांधीनगर से मुंबई तक चलने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से 'कवच' तकनीक से लैस है और यह एक स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जो दो ट्रेनों को टकराने से रोकती है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस, सबसे बहुप्रतीक्षित नव निर्मित सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है। यह भारत की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है, जो गांधीनगर से मुंबई सेंट्रल तक दौड़ेगी। इससे पहले दो अन्?य ट्रेनें नई दिल्ली-वाराणसी और नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलाई जा रही हैं। ट्रेन को स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है, इसका वजन 392 टन है। इसकी रफ्तार की चर्चा अब चारों ओर है।

कांग्रेस आज सिर्फ भाई और बहन की पार्टी बनकर रह गई: नड्डा

भुवनेश्वर। 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लग चुकी भाजपा लगातार विपक्ष के खिलाफ हमलावर है। इस बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे हैं। नड्डा फिलहाल ओडिशा के दौरे पर हैं। इस मौके पर नड्डा ने जबरदस्त तरीके से कांग्रेस और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि यह पावन धरती है, ऐसी पवित्र धरती को मैं नमन करता हूं। साथ ही साथ, यह धरती सामाजिक परिवर्तन लाने वाले हमारे वीर सपूतों की धरती है। मैं यहां के वीर सपूतों को भी नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं नवरात्र के पवित्र समय में आप सबसे आह्वान करता हूं, कि चलो हम निकल चलें और ओडिशा में भी अब कमल खिलाए। नडडा ने कहा कि मुझे खुशी है कि मोदी जी ने ओडिशा की अस्मिता, ओडिशा का गौरव, ओडिशा का मान सम्मान हमेशा आगे बढ़ाया है। आज मैं बड़े गर्व के साथ कह सकता हूं कि पहली जनजाति महिला भारत के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति बनाने का सौभाग्य भी मोदी जी के नेतृत्व में ओडिशा को मिला है। विपक्ष पर निशाना साधकर नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब न इंडियन रह गई है, न नेशनल रह गई है, अब सिर्फ भाई-बहन की पार्टी बनकर सीमित रह गई है। कांग्रेस को किसी विचार से लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कोविड में भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की परवाह किए बगैर लाखों लोगों के लिए सेवा ही संगठन के नाम पर मदद के लिए लग गए।

खास खबर

वायु प्रदूषण के कारण कोरोना रोगियों के अस्पताल में भर्ती होने का खतरा ज्यादा

न्यूयॉर्क। अध्ययन में दावा किया गया है कि विभिन्न वायु प्रदूषणकारी तत्वों के संपर्क में आने से कोरोना रोगियों के अस्पताल में भर्ती होने का खतरा 30 प्रतिशत तक बढ़ता है, इससे वह लोग भी नहीं बच सकते, जिनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। इन प्रदूषणकारी तत्वों में पीएम 2.5 और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड अहम हैं। शोधकर्ताओं सहित टीम ने एक अस्पताल में मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन किया। अध्ययन के अनुसार 2021 के जुलाई या अगस्त में कोविड के 50,010 रोगियों की पहचान हुई हैं, जिनकी आयु 12 वर्ष और उससे अधिक थी। उस समय सार्स-सीओबी-2 के डेल्टा स्वरूप से अधिक लोग संक्रमित हो रहे थे वहीं कई लोगों को टीके लगाए गए थे। शोधकर्ता ने कहा कि ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे दिखाते हैं कि कोविड टीके अस्पताल में भर्ती होने के खतरे को कम करने में सफल होते हैं। लेकिन जिन लोगों को टीके लग चुके हैं और वे भी प्रदूषित हवा के संपर्क में आते हैं, तब उसमें रोग की गंभीरता बढ़ने का अधिक खतरा है।

अमेरिका के टेक्सास के आवासीय क्षेत्र में पांच लोगों के शव मिलने के बाद मचा हड़कंप

मैकग्रेगर। अमेरिका के सेंट्रल टेक्सास की एक आवासीय कालोनी में पांच लोगों के शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। 'टेक्सास जन सुरक्षा विभाग' के प्रवक्ता सार्जेंट रयान हॉवर्ड ने बताया कि कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी मैकग्रेगर पहुंच कर घटना की जांच कर रहे हैं। लेकिन अब तक मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि हॉवर्ड ने इन लोगों की मौत गोली लगने से होने के सवाल का जवाब देने से इनकार करते हुए कहा कि मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों के परिवार वालों को सूचना देने तक मृतकों की पहचान उजागर नहीं की जाएगी। हत्या का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। इस बीच 'मैकग्रेगर इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट' ने एक बयान जारी करते हुए खेल प्रतियोगिताएं आदि रद्द करने की सूचना दी और घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं टेक्सास में अपराध की बात करें तो डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी की 2020 क्राइम इन टेक्सास रिपोर्ट, कुल क्राइम में कमी लेकिन हिंसक अपराधों में वृद्धि को दर्शाती है। रिपोर्ट में राज्य भर में कुल अपराध दर में 4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। प्रॉपर्टी क्राइम में साल 2020 में 5.9 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी। हालांकि, हिंसक अपराध दर में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने श्रीकोट पहुँचकर अंकिता भंडारी के परिजनों से घर पर जाकर की मुलाकात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी के श्रीकोट में अंकिता भंडारी के परिजनों से मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि पूरी सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई कराते हुए अंकिता के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौड़ी जनपद अंतर्गत श्रीनगर के डोभ श्रीकोट गांव पहुँचे और अंकिता के परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मामले की जांच को डीआईजी पी.रेणुका देवी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठित की गई है जिसने अपनी जांच प्रारंभ कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हत्याकांड के तीनों आरोपितों को पुलिस पहले ही

महंगाई ने बिगाड़ा बजट, जरूरत का सामान खरीदने में भी हिचक रहे लोग

नई दिल्ली। देश में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। स्थिति यह है कि ग्रामीण भारत में रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले सामान की खरीदारी में भी कटौती की जा रही है। बाजारों में खाने का तेल, कपड़े धोने के उत्पाद, बिस्कुट और चॉकलेट समेत कई जरूरी वस्तुओं की बिक्री में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा पर्सनल हाइजीन प्रॉडक्ट्स जैसे कि टॉयलेट साबुन की बिक्री भी कम हुई है। रिसर्च फर्म कंतार एंड ग्रुपएम की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरावट दिसंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच दर्ज की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता घरेलू बजट बनाए रखने के लिए ब्रांड के छोटे पैक खरीद रहे हैं। इस स्टडी में गांवों के 4,000 से अधिक उपभोक्ताओं को शामिल किया गया, जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच थी। बड़ी मात्रा में 70त्न प्रतिभागियों ने महंगाई को इसके पीछे बड़ी वजह बताया है। जिन लोगों ने अपनी फाइनेंशियल स्थिति खराब होने की बात स्वीकार की है, ऐसे में लोगों ज्यादा मजदूर, दुकानदार और छोटे व्यवसायी दुकानदार थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कृषि में लगे लोग अपनी फाइनेंशियल स्थिति को लेकर कम चिंतित थे, लेकिन ऐसे लोगों ने वे देश के आर्थिक हालत पर चिंता जरूर दिखाई।

केजरीवाल को अपने घर में भोजन कराने वाला निकला मोदी का समर्थक

अहमदाबाद। कुछ दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को अपने घर में भोजन कराने वाला विक्रम दंताणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थक निकला विक्रम के मुताबिक जब से वोट डालना शुरू किया है, तब से नरेन्द्र मोदी का जबर्दस्त फैन हूं बता दें कि कुछ दिनों पहले अरविंद केजरीवाल ने अहमदाबाद में ऑटो रिक्शा चालकों के साथ संवाद किया था विक्रम नामक एक ऑटो ड्राइवर ने केजरीवाल को अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित किया था शाम के वक्त अरविंद केजरीवाल, आप के गुजरात प्रमुख गोपाल इटालिया, पार्टी महासचिव ईशुदान गढवी इत्यादि विक्रम के घर गए थे और उसके साथ भोजन किया था वही विक्रम ने आज भगवा पटका और टोपी लगाकर अहमदाबाद में आयोजित पीएम मोदी की जनसभा पहुंचकर सभी को चौंका दिया अहमदाबाद के घाटलोडिया क्षेत्र के दंताणीनगर में रहनेवाले विक्रम दंताणी ने पीएम मोदी की जनसभा में शामिल होने पर कहा कि ऑटो रिक्शा यूनियन ने उससे केजरीवाल को अपने घर भोजन करने के बारे में पूछने के लिए कहा था इस बारे में मुझे पहले से कोई जानकारी नहीं है और मैं तो पहले से भाजपा का समर्थक रहा हूं वैसे भी गुजराती के घर कोई भी आता है तो उसे प्रेम से भोजन कराने की परंपरा रही है विक्रम ने बताया कि

अपने घर पर भोजन के बाद से आज तक उनकी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कोई बातचीत नहीं हुई मैं तो शुरू से भाजपा और मोदी साहब का आशिक हूं और उनके ही पक्ष में मतदान भी करता हूं विक्रम ने बताया कि अरविंद केजरीवाल ने प्रोटोकोल तोड़ा उसका मुझे काफी दुःख हुआ था मैं आम आदमी पार्टी के साथ नहीं बल्कि भाजपा के साथ हूं मैंने ऑटो रिक्शा यूनियन के कहने पर केजरीवाल को भोजन का न्यौता दिया और उन्होंने स्वीकार कर लिया मुझे पता नहीं था कि वह मेरे घर भोजन करने आएंगे वह मेरे घर आए और उनका अपमान ना हो इसके लिए उन्हें भोजन कराया और रवाना कर दिया मैंने कभी आप का समर्थन नहीं किया और ना ही भविष्य में करूंगा मेरी पूरी सोसायटी के लोग भाजपा के समर्थक हैं।

काबुल के शैक्षणिक परिसर में भीषण विस्फोट, 24 छात्रों की मौत

आतंकियों के निशाने पर था शिया-हजारा समुदाय

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित एक स्कूल पर आतंकवादियों द्वारा बड़े बम धमाके को अंजाम दिया गया है। धमाके में करीब दो दर्जन (24) लोगों के मरने की खबर है जिसमें अधिकांश स्कूली छात्र थे। हमला पश्चिमी काबुल के दश्ते बरची में स्थित एक शैक्षिक संस्थान पर हुआ है। दावा किया जा रहा है कि इसे इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत ने अंजाम दिया है कि जिसमें ज्यादातर हजारा और शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया। इससे पहले भी अप्रैल में काबुल के दो शैक्षिक संस्थानों में विस्फोट हुए थे जिसमें छह लोगों की मौत और कई घायल हो गए थे। ये दोनों स्कूल भी काबुल के दश्ते बरची इलाके में स्थित थे। अफगान पत्रकार बिलाल सरवरी ने अपने ट्वीट थ्रेड में इस हमले की जानकारी दी है। उन्होंने दावा किया कि काज उच्च शिक्षा केंद्र पुलिस स्टेशन 13 से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने कहा कि वतन हॉस्पिटल के एक डॉक्टर ने अस्पताल के अंदर कई शवों की पुष्टि की है। सरवरी ने कहा कि इलाके में समुदाय के एक नेता ने मुझे बताया कि मैंने अब तक 24 शवों की गिनती की है। उनमें से ज्यादातर मृतक युवा छात्र थे जिनके लिए उनके माता-पिता एक बेहतर भविष्य चाहते थे। सरवरी ने अपने ट्वीट में लिखा, दश्ते बरची के एक सामुदायिक नेता ने मुझसे कहा कि तालिबान पिछले एक साल में हमारे लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहा है। हमले के बाद एंबुलेंस काफी देर बाद पहुंची। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की।

सुरक्षा बलों ने बारामुला मुठभेड़ में एक आतंकी को किया ढेर

शोपियां मुठभेड़ से बच निकला था आतंकवादी

श्रीनगर। कश्मीर के उत्तरी जिला बारामुला के येदिपोरा पट्टन में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया है। अभी भी इलाके में एक से दो आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी का सिलसिला जारी है। वहीं शोपियां के चित्रगाम इलाके में रात 2 बजे के करीब सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ अब समाप्त हो गई है। यहां रिहायशी इलाके में छिपे आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहे। हालांकि सुरक्षाबलों ने अभी भी इलाके की घेराबंदी कर सर्च आपरेशन चलाया हुआ है। बारामुला मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की अभी पहचान जाहिर नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार यहां छिपे सभी आतंकवादी स्थानीय बताए जाते हैं। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का कई बार मौका दिया गया परंतु जब आतंकवादियों ने गोलीबारी का सिलसिला जारी रखा तो जवाबी फायरिंग में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों को देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने शोपियां व बारामुला में रात सर्च आपरेशन शुरू किया था। दोनों इलाके में तीन से चार आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही थी। शोपियां में गोलीबारी का सिलसिला थम गया है जबकि बारामुला में अभी भी आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबल इसी प्रयास में हैं कि आतंकवादी आत्मसमर्पण कर दें। स्थानीय मौलवियों की मदद से आतंकवादियों को हथियार डालने के लिए मनाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आज तड़के एक सूचना के आधार पर एसओजी, सेना और सीआरपीएफ के दो अलग-अलग दलों ने जिला शोपियां के चित्रगाम और बारामुला के येदिपोरा पट्टन में आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए सर्च आपरेशन चलाया। जैसे ही सुरक्षाकर्मी उस ठिकानों के नजदीक पहुंचे वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शोपियां में रात दो बजे के करीब मुठभेड़ शुरू हुई। रात भर दोनों ओर से रूक-रूककर गोलीबारी होती रही परंतु सूरज उगने तक आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी थम गई।

तूफान इयान ने फ्लोरिडा में मचाई भीषण तबाही

सेंट पीटर्सबर्ग। अमेरिका के फ्लोरिडा में आए चक्रवात 'इयान ने भारी तबाही मचा दी है। सर्वाधिक नुकसान बुनियादी ढांचे को पहुंचा है। बिजली गुल होने के कारण करीब 25 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के कारण आई बाढ़ में डूबे घरों में लोग फंसे रहे। चक्रवात के कारण एक महत्वपूर्ण पुल का मुख्य क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को आधिकारिक रूप से इस आपदा घोषित किया। अमेरिका में आए सबसे शक्तिशाली चक्रवातों में से शुमार इयान ने फ्लोरिडा प्रायद्वीप में तबाही मचाई और यहां भारी बाढ़ के हालात बन गए। चक्रवात 'इयान' के प्रभाव के चलते फ्लोरिडा और दक्षिण-पूर्वी अटलांटिक तट तक के क्षेत्र में भारी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने फ्लोरिडा में चक्रवात के कारण कम से कम एक मौत की पुष्टि की है। पुलिस ने कहा कि डेटोना बीच के पास डेल्टोना में 72 वर्षीय व्यक्ति अपने घर के पीछे एक नहर में मृत मिला। उन्हें लगता था कि मृतक संख्या ''सैकड़ों में होगी। वहीं, चक्रवात के कारण क्यूबा में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि उनके कार्यालय को मदद के लिए काउंटी से सैकड़ों कॉल प्राप्त हो रही हैं, लेकिन मार्गों और पुल से संपर्क टूटने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय चक्रवात केंद्र (एनएचसी) ने कहा कि इयान तड़के एक उष्णकटिबंधीय तूफान में तब्दील हो गया और बाद में दिन में कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के पास अटलांटिक जलक्षेत्र पर इसके तूफान के तौर पर उभरने की संभावना है। चक्रवात का अगला पड़ाव अमेरिका के साउथ कैरोलीना में होगा। फ्लोरिडा के तटके पासपोर्ट चार्लोट में चक्रवात की वजह से अस्पताल के भूतल में जलजमाव हुआ और चौथे तल की छत क्षतिग्रस्त हुई जहां आईसीयू स्थित है। अस्पताल में काम करने वाली एक डॉक्टर ने इसकी जानकारी दी।

खड़गे की एंट्री होते ही कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हुए दिग्विजय सिंह

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष अध्यक्ष पद के चुनाव में हर दिन कोई न कोई नया ट्विस्ट आ रहा है अब वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के एंट्री लेते ही दिग्विजय सिंह दौड़ से बाहर हो चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है। मल्लिकार्जुन अर्जुन का नाम सामने आते ही दिग्विजय सिंह ने ऐलान कर दिया कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। इतना ही नहीं, दिग्विजय सिंह ने खुद कहा कि वह खड़गे का प्रस्तावक बनेंगे। आखिर कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस से दिग्विजय सिंह ने खुद को बार क्यों कर लिया, उन्होंने इसका कारण भी बताया है। मीडिया की खबरों के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि अपने सहयोगी मल्लिकार्जुन खड़गे के नामांकन में प्रस्तावक बनेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे उनके सीनियर हैं और वह उनके खिलाफ चुनाव लड़ने के बारे में सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि मैंने जीवन भर कांग्रेस के लिए काम किया है। खबरों के अनुसार दिग्विजय सिंह ने कहा, 'मल्लिकार्जुन खड़गे जी मेरे सीनियर हैं। मैं कल उनके आवास पर गया था और उनसे कहा कि अगर वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर रहे हैं तो मैं अपना नामांकन दाखिल नहीं करूंगा। उन्होंने कहा था कि वह नामांकन दाखिल नहीं करेंगे। बाद में मुझे प्रेस के माध्यम से पता चला कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ खड़ा हूं और उनके खिलाफ चुनाव लड़ने के बारे में सोच भी नहीं सकता; मैं उनका प्रस्तावक बनूंगा।'

दरअसल, कांग्रेस के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे आज दोपहर 12:30 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। उनके सभी प्रस्तावकों को कांग्रेस मुख्यालय बुलाया गया है। अविनाश पांडे, नसीर हुसैन, प्रमोद तिवारी और अनिल चौधरी और पी एल पुनिया भी उनके प्रस्तावकों की लिस्ट में हैं। इस बीच अशोक गहलोत ने भी मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की है। वहीं, जी-23 ने भी यह साफ कर दिया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतरेगा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरम्भ हुई, जो 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है।

न्यूज़ ट्रैक....

पाकिस्तान के नसीम कोरोना संक्रमण के कारण टीम से बाहर हुए

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज नसीम शाह कोरोना संक्रमण के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए अंतिम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर हो गये हैं। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि नसीम निमोनिया से अब लगभग उबर गये हैं और पहले से अच्छा महसूस कर रहे हैं। बोर्ड के अनुसार नसीम जिस होटल में में रह रहे हैं। वह वहां कोरोना संक्रमण से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम सोमवार को न्यूजीलैंड दौरे पर भी रवाना होगी। इस दौरे में उसे त्रिकोणीय सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में तीसरी टीम बांग्लादेश की है। पीसीबी ने यह साफ कर दिया है कि नसीम न्यूजीलैंड दौरे के लिए शामिल नहीं रहेंगे। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज का पहला मैच खेलने के बाद ही अंतिम ग्यारह से बाहर हो गए थे। नसीम को सीने में दर्द और बुखार के कारण मंगलवार देर रात लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

फराह लंदन मैराथन से हटे

लंदन । इंग्लैंड के लंबी दूरी के धावक और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद फराह रविवार को होने वाली लंदन मैराथन में शामिल नहीं होंगे। फराह ने कूल्हे की चोट उभरने के कारण इस दौड़ से अपना नाम वापस लिया है। इस धावक ने कहा कि अभ्यास के दौरान उनके दाहिने कूल्हें में चोट लग गई थी। इस कारण वह दौड़ के समय तक फिट नहीं हो सकते। इस धावक ने कहा, 'मैंने पिछले कुछ महीनों से कड़ा अभ्यास किया था और इसी कारण मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था और इसी से मुझे अच्छे प्रदर्शन की भी उम्मीद थी पर पिछले 10 दिनों से मैं अपने दाहिने कूल्हे में दर्द महसूस कर रहा था। मैंने इसका उपचार भी कराया जिससे मैं दौड़ में भाग ले सकूं पर इसमें पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है , इसलिए मैंने दौड़ से अपना नाम वापस लिया है। गौरतलब है कि इस धावक ने लंदन और रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में 5000 और 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते थे।

सूर्यकुमार इस साल टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

तिरूवनंतपुरम । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सूर्या ने इस साल टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 में अर्धशतक लगाया था। सूर्यकुमार इसी कारण वह 700 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस दौरान इस बल्लेबाज ने जमकर छक्के लगाये हैं। इसी के साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में इस साल सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। 21 मुकाबले खेलकर उन्होंने कुल 45 छक्के लगाये हैं। अब तक कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार के करीब नहीं पहुंच पाया है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने 27 छक्के लगाए हैं और वह सूची में 12वें नंबर पर हैं। सूर्या के बाद दूसरी नंबर पर अनजान से बल्लेबाज पपुआ न्यू गिनिया के बल्लेबाज टीपी उरा का नाम है। उरा ने 12 टी20 मैचों में 39 छक्के लगाए हैं। वहीं यूएई के मुहम्मद वसीम ने 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में इस साल 38 छक्के जमाए हैं। इस सूची में चौथा नंबर वेस्टइंडीज के रोवमेन पॉवेल का है जिनके नाम पर 36 छक्के हैं।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से शीर्ष पांच पहलवानों को मिलेगा पेरिस ओलंपिक में प्रवेश

नई दिल्ली । विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सभी 18 भार वर्गों में शीर्ष पर रहने वाले पांच पहलवानों को ही 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश मिलेगा। वहीं इसी प्रकार 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिए गए हैं और इन्हें विश्व क्वालीफायर्स में शामिल किया गया है। विश्व क्वालीफायर्स पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम अवसर है। वहीं यूनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने कहा कि यह बदलाव विश्व चैंपियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानों को और पारदर्शी बनाने के लिए लाया गया है। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 16 से 24 सितंबर के बीच रूस में होगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 के अलावा 2024 में होने वाले महाद्वीपीय क्वालीफायर्स (एशिया, अफ्रीका, पैन-अमेरिका, यूरोपीय) और 2024 के विश्व ओलंपिक क्वालीफायर्स से भी पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल किया जा सकेगा।

इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में 108 कोटा स्थान (हर भार वर्ग में छह स्थान) रखे जाते थे पर अब इनकी संख्या कम होकर 90 हो गई है। अगले साल रूस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में प्रत्येक भार वर्ग में चारों पदक विजेता (स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक विजेता) अपने देशों के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे जबकि कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारने वाले पहलवान पांचवें स्थान के लिए मुकाबला करेंगे।

महाद्वीपीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं (एशियाई, अफ्रीकी, पैन अमेरिकी और यूरोपीय) से कुल 144 पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में शीर्ष पर रहने वाले दो पहलवान अपने देश के लिए एक एक कोटा स्थान हासिल करेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कोटा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी महाद्वीपीय क्वालीफायर्स में भाग लेने के अधिकारी नहीं होंगे। वह हालांकि किसी अन्य शैली में भाग ले सकते हैं। विश्व ओलंपिक क्वालीफायर्स में तीन कोटा स्थान होंगे। अब स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ ही कांस्य हासिल करने वलो के पास भी ओलंपिक कोटा हासिल करने का अवसर रहेगा।

बुमराह की जगह चाहर या शमी को मिल सकता है अवसर

मुम्बई । टीम इंडिया अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट में अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह अब किसे शामिल करेगी यह सवाल अब उठने लगा है। बुमराह पीठ में दर्द के कारण विश्वकप से बाहर हो गये हैं। वह पीठ दर्द के कारण ही मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 भी नहीं खेल पाये थे।

बुमराह का न होना भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटक है क्योंकि वह टीम के मुख्य गेंदबाज हैं। वह इससे पहले हुए एशिया कप भी शामिल नहीं थे और तब टीम को उनकी कमी महसूस हुई थी। एशिया कप में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

बुमराह के बाहर होने के बाद अब उनकी जगह पर दीपक चाहर और मोहम्मद शमी में से किसी एक को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। यह दोनो ही विश्व कप के लिए स्टैंड बाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। इन दोनो को ही बेहतर प्रदर्शन के बाद भी इस कारण से वैकल्पिक गेंदबाज के तौर पर रखा गया था ताकि जरुरत पड़ने पर टीम में शामिल किया जा सके। बुमराह के बाहर होने के बाद अनुभवी होने के कारण शमी को अंतिम ग्यारह में जगह मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। वहीं अगर हाल के फॉर्म और ऑस्ट्रेलियाई हालातों को देखें तो चाहर को भी जगह मिल सकती है। चाहर ने पिछले कुछ समय के अंदर जब भी उन्हें अवसर मिला है तब बेहतर प्रदर्शन किया है। वह तेज गेंदबाजी के साथ ही निचले क्रम पर आक्रामक बल्लेबाजी भी करते हैं जिससे टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज भी मिल जाता है।

टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान) विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्रा सिंह चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

स्टैंड बाय- मो. शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर।

महिला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट

सात अक्टूबर को होगा भारत-पाक का मुकाबला

नई दिल्ली । अगले माह होने वाले महिला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम का मुकाबला सात अक्टूबर को पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 1 अक्टूबर को श्रीलंका के साथ मुकाबले से खेलेगी , वहीं दूसरे मुकाबले में 3 अक्टूबर को मलेशिया से खेलेगी। इस टूर्नामेंट में राउंड रॉबिन प्रारूप में सात टीमें उतरेंगी। ये सभी टीमें 6-6 मैच खेलेंगी। इसके बाद चार शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। इन चार टीमों में से दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। खिताबी मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। महिला एशिया कप 2012 से ही टी20 प्रारूप में खेला जाता रहा है। इससे पहले यह एकदिवसीय प्रारुप में खेला गया था।

15 अक्टूबर को खेला जाएगा फाइनल: महिला एशिया कप के 2022 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला 13 अक्टूबर को सिलहट अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9.00 बजे खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी 13 अक्टूबर को इसी मैदान पर होगा, लेकिन समय दोपहर 1.00 बजे का होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अक्टूबर को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे खेला जाएगा।

महिला एशिया कप 2022 में भारतीय टीम का कार्यक्रम

तारीख	मुकाबला	स्थल	समय
1 अक्टूबर 2022	भारत बनाम श्रीलंका	सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1 बजे
3 अक्टूबर 2022	भारत बनाम मलेशिया	सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1 बजे
4 अक्टूबर 2022	भारत बनाम यूएई	सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1बजे
7 अक्टूबर 2022	भारत बनाम पाकिस्तान	सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1 बजे
8 अक्टूबर 2022	भारत बनाम बांग्लादेश	सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1 बजे
10 अक्टूबर 2022	भारत बनाम थाईलैंड	सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम	दोपहर 1 बजे

भारत की टीम इस प्रकार है

भारतीय महिला क्रिकेट टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, सेब्भिनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, डायलान हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, केपी नवगिरे।

सिडनी में एफआईबीए महिला बास्केटबॉल विश्वकप में खेलती हुई ऑस्ट्रेलिया की इजी मैकबेगर।

सिंधु , अंजू बॉबी ने प्रशंसकों के साथ किया गरबा

अहमदाबाद । 36वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में यहां पहुंची भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने अपने प्रशंसकों के साथ गरबा खेलकर उनका दिल जीत लिया। सिंधु अपने प्रशंसकों के साथ गरबा खेलने के साथ ही उनके साथ तस्वीर भी खिंचायी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सिंधु बेहद अलग ही अंदाज में नजर आईं।

व्यापार न्यूज

एलटीटीएस ने क्वालकॉम से किया समझौता

बेंगलुरु । एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसने वैश्विक 5जी निजी नेटवर्क उद्योग के लिए समाधान उपलब्ध कराने के लिए क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज से समझौता किया है। दोनों कंपनियां इस गठजोड़ के तहत उच्च प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्षेत्र में अपनी संयुक्त विशेषज्ञता का उपयोग करेंगी। एलटीटीएस ने एक बयान में कहा है कि दोनों कंपनियां विनिर्माण और वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक क्षेत्र में अंतिम ग्राहकों के लाभ के लिए दूरसंचार समाधान और सेवाओं को एक साथ लाएंगे।

बीमा कंपनियों की 824 करोड़ की कर चोरी पकड़ी

मुंबई । जीएसटी अधिकारियों ने 15 बीमा कंपनियों, मध्यस्थों और बैंकों की 824 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी है। इन कंपनियों ने जाली बिल (इन्वॉयस) के जरिए यह कर अपवंचना की है। अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में सूचना मिलने के बाद मुंबई में जीएसटी आसूचना अधिकारियों ने कई बीमा कंपनियों, मध्यस्थ इकाइयों, विपणन, ब्रांडिंग कंपनियों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और बैंकों के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान यह पता चला कि इन कंपनियों ने वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति किए बिना इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। अधिकारियों ने बताया कि 15 बीमा कंपनियां, मध्यस्थ इकाइयां, एनबीएफसी और बैंक कथित रूप से इस तरीके से जीएसटी की चोरी कर रहे थे। अभी तक करीब 824 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चला है।

एशियाई बाजारों में गिरावट पर कारोबार

मुंबई । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले हैं और लाला निशान पर कारोबार कर रहे थे। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर सुबह -0.23 फीसदी गिरावट के साथ, जापान का निक्केई 1.46 फीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ताइवान का शेयर बाजार भी -1.50 फीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में 0.09 फीसदी की गिरावट दिख रही है। ग्लोबल दबाव के चलते आज शेयर बाजार नुकसान करा सकता है। बावजूद इसके कई ऐसे स्टॉक्स हैं, जहां दांव लगाकर निवेशक कमाई कर सकते हैं।

रिजर्व बैंक ने रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाई, होम लोन सहित अन्य लोन होंगे महंगे

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दी। खुदरा महंगाई को काबू में लाने और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में आक्रामक वृद्धि से उत्पन्न दबाव से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में इजाफा किया है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 7.0 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिये आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 7.0 प्रतिशत कर दिया है। रेपो दर में वृद्धि से बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिया जाने वाला कर्ज महंगा होगा और मौजूदा ऋण की मासिक किस्त बढ़ेगी। यह लगातार चौथी बार है जब नीतिगत दर बढ़ाई है। मई से लेकर अब तक आरबीआई रेपो दर में 1.90 प्रतिशत का इजाफा कर चुका है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक बयान में कहा कि एमपीसी ने रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने नीतिगत दर में वृद्धि का समर्थन किया। साथ ही समिति ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देते रहने का भी फैसला किया है। दास ने कहा कि हम कोविड महामारी संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दर में आक्रामक वृद्धि के कारण उत्पन्न नए तूफान का सामना कर रहे हैं।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। दूसरी छमाही में इसके करीब छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति सात प्रतिशत थी, जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। दास ने कहा कि अगर तेल के दाम में मौजूदा नरमी आगे बनी रही, तो महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पहलुओं पर गौर करने के बाद चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत किया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था

शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट

मुंबई । वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांकों में गिरावट देखी गई। इस दौरान निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 262.73 अंक गिरकर 56,147.23 अंक पर था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 70.4 अंक गिरकर 16,747.70 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पावर ग्रिड, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट में बढ़त देखी गई। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजार लाल निशान में थे, जबकि सोल में में बढ़त थी। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स गुरुवार को 188.32 अंक गिरकर 56,409.96 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 40.50 अंक टूटकर 16,818.10 अंक पर बंद हुआ। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 88.32 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

अमेरिका बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई । अमेरिका के सभी प्रमुख शेयर बाजार एक दिन बढ़त बनाने के बाद महंगाई और मंदी की आशंकाओं की वजह से गिरावट के साथ बंद हुए हैं। आज एसएंडपी 500 2.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,640.47 अंक पर आ गया है। यह अपने 6 महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। इधर नेस्डेक 314.13 अंक गिरावट के साथ 10,737.51 पर पहुंच गया है। वहीं यूरोप के भी सभी प्रमुख शेयर बाजारों ने आज निवेशकों को नुकसान कराया है। दिन बढ़त बनाने के बाद सभी बाजार लाल रंग में कारोबार कर रहे हैं। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजार में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज सुबह 1.71 फीसदी की गिरावट के साथ, फ्रांस का शेयर बाजार 1.53 फीसदी गिरावट के साथ और लंदन का स्टॉक एक्सचेंज -1.77 फीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

सोने और चांदी की कीमतों आई तेजी

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का असर अब भारतीय बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार, 30 सितंबर को वायदा बाजार में सोने और चांदी के भाव हरे निशान में खुले हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों कीमती धातुएं लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ कारोबार कर रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शुरुआती कारोबार में 0.01 फीसदी तेजी के साथ खुला है। इसी तरह चांदी की कीमत भी कल के बंद भाव से 0.48 फीसदी ऊपर चल रही है। शुक्रवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 6 रुपए तेज होकर 50,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया था। गौरतलब है कि गुरुवार को एमसीएक्स पर सोने में सुबह कारोबार गिरावट के साथ शुरू हुआ था लेकिन शाम तक इसमें तेजी आई थी और यह 0.50 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में चांदी में भी तेजी देखी जा रही है। चांदी का भाव 267 रुपए बकर प्रति किलो 56,427 रुपए हो गया है। चांदी में कारोबार 56,400 रुपए से शुरू हुआ था। कुछ देर बाद भाव बकर 56,550 रुपए हो गया लेकिन मांग में कमजोरी से भाव गिरकर 56,427 पर कारोबार करने लगा। अतंरराष्ट्रीय बाजार में आज दूसरे दिन सोने का भाव हरे निशान में कारोबार कर रहा है। सोना 0.12 फीसदी उछला है। सोने का हाजिर भाव 1,662.85 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

रुपया 24 पैसे मजबूत होकर 81.49 पर

मुंबई । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 24 पैसे मजबूत होकर 81.49 पर खुला। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रुपए में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के उच्च स्तर से नीचे आने के साथ रुपए में मजबूती आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 81.60 रुपए पर खुला और बाद में 24 पैसे चढ़कर 81.49 तक आ गया। गुरुवार को रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 81.73 पर बंद हुआ था। इससे पहले बुधवार को यह अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था।

जुलाई-सितंबर में आवास बिक्री 49 फीसदी बढ़ी: रिपोर्ट

पिछले वर्ष की समान तिमाही में 55,910 इकाइयां बिकी थीं

नई दिल्ली । संपत्ति की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और बैंकों की ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद भी देश के आठ प्रमुख शहरों में आवास की मांग मजबूत होती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई से सितंबर की अवधि के दौरान इन शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 49 फीसदी बढ़कर 83,220 इकाई रही है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में 55,910 इकाइयां बिकी थीं। एक आवास ब्रोकरेज कंपनी ने अपनी जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही रिपोर्ट में बताया कि मौजूदा आवास बिक्री 2019 की समान तिमाही यानी महामारी से पहले के स्तर के पार चली गई है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि रियल एस्टेट उद्योग महामारी और उसके कारण आए व्यवधानों से उबर रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि के बावजूद आवास की मांग में कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि लोग अपना घर लेना चाहते हैं और मांग में वृद्धि की वजह यही है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में मुंबई में आवास बिक्री 28,800 इकाई रही है जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 14,160 इकाई से दोगुना से भी अधिक है। पुणे में बिक्री 55 फीसदी बढ़कर 15,700 इकाई हो गई, पिछले वर्ष यह 10,130 इकाई थी। दिल्ली-एनसीआर में यह 22 फीसदी बढ़कर 5,430 इकाई रही जो पिछले वर्ष 4,460 इकाई थी। अहमदाबाद में आवास बिक्री पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त की 5,480 इकाई की तुलना में इस वर्ष 44 फीसदी बढ़कर 7,880 इकाई हो गई। बेंगलुरु में यह 20 फीसदी बढ़कर 7,890 इकाई रही जो पिछले वर्ष 6,550 इकाई थी। हैदराबाद में आवास बिक्री 35 फीसदी बढ़कर 10,570 इकाई रही जो पिछले वर्ष 7,810 इकाई थी। आंकड़ों के मुताबिक चेन्नई और कोलकाता में आवास बिक्री पांच-पांच फीसदी घट गई। चेन्नई में यह पिछले वर्ष की 4,670 इकाई की तुलना में इस वर्ष घटकर 4,420 इकाई रह गई। कोलकाता में पिछले वर्ष जुलाई से सितंबर के बीच 2,650 इकाइयां बिकी थीं जो इस वर्ष घटकर 2,530 इकाई रह गई। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम और हाउसिंग डॉट कॉम में शोध प्रमुख अंकिता सूद ने कहा कि आवासीय रियल्टी के लिए आगामी तिमाहियों के रूझान सकारात्मक हैं।

भारत और कैलिफोर्निया शून्य उत्सर्जन वाहनों पर सहयोग करने को सहमत

वाशिंगटन । भारत ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग का विस्तार करने और जलवायु परिवर्तन संबंधी जोखिमों को दूर करने के लिए अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के साथ गठजोड़ किया है। इस गठजोड़ के तहत दोनों पक्ष शून्य-उत्सर्जन वाले वाहनों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए काम करेंगे। कैलिफोर्निया में दुनिया की सबसे उन्नत शून्य-उत्सर्जन वाहन (जेडईवी) नीतियां हैं। इसमें 2035 तक 100 प्रतिशत जेडईवी को पास करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी शामिल है। गठजोड़ के तहत कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान डेविस इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्टेशन स्टडीज ने एक नया भारत जेडईवी शोध केंद्र स्थापित किया। कैलिफोर्निया-भारत जेडईवी नीति कार्यक्रम का मकसद भारत में जेडईवी को बढ़ावा देना, भारत में ईवी उद्योग की वृद्धि में योगदान करना और भारत की औद्योगिक वृद्धि को गति देना है। इस गठजोड़ का एक मकसद भारत को जेडईवी संक्रमण में वैश्विक स्तर पर रणनीतिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने में मदद करना भी है।

इस प्रकार शुरुआत में कैंसर का पता चलेगा

कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बेहद ही मुश्किल और दर्दनाक है। कई तरह के कैंसर ऐसे भी होते हैं, जिनका कोई इलाज ही नहीं है। इसीलिए शुरुआत में ही लक्षणों को पहचानकर अगर हम डॉक्टर के पास जायें तो कैंसर की रोकथाम की जा सकती है। इसके लिए आपको थोड़ा सतर्क और जागरुक रहना पड़ेगा। अगर आपको कोई भी दिक्कत बार-बार होती है, तो इसे हल्के से नहीं लेते हुए अपने डॉक्टर से ज़रूर संपर्क करें। ये हैं कैंसर की शुरुआत भी हो सकती है। अगर आपको अक्सर सांस लेने में दिक्कत होती है और सांस लेते वक्त आवाज़ भी सुनाई देती है, तो यह फेफडे के कैंसर की शुरुआत के संकेत हो सकते हैं।

सीने में दर्द और लंबी खांसी

कैंसर के कई मरीज़ बाजू और सीने में दर्द की शिकायत करते हैं। ये ट्यूमर और रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया) का संकेत हो सकता है।

बार-बार संक्रमण और बुखार

ल्यूकेमिया के शुरुआती दिनों में मरीज़ को बार-बार इंफेक्शन और बुखार होता है। ऐसा इसीलिए, क्योंकि शरीर में सफेद रक्त कणों की गिनती सामान्य नहीं रहती। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति भी प्रभावित होती है ऐसे में बुखार और संक्रमण बार-बार होने लगता है। गले का कैंसर होने पर मरीज़ को खाना निगलने में दिक्कत होती है।

बांहों के नीचे या गर्दन पर सूजन

लिम्फ नोड्स बीन्स की शेप में ग्लैंड्स होते हैं। कैंसर के शुरू होने पर यह सूज सकते हैं और अंडरआर्म के नीचे या गर्दन पर देखे जा सकते हैं।

चोट लगना और खून निकलना

ल्यूकेमिया के कारण लाल रक्त कण और प्लेटलेट्स में बदलाव हो सकता है, जिससे रक्त स्राव (ब्लीडिंग) का भी खतरा बढ़ जाता है।

हमेशा थकान रहना

जब शरीर ज़रूरत से ज्यादा काम करता है, तब तो थकान होती ही है, पर थकान का हमेशा रहना भी कैंसर का संकेत हो सकता है। पेट के निचले हिस्से में दर्दकैंसर की शुरुआत में पेट के निचले हिस्से में दर्द रहता है और पेट फूला-फूला भी रहता है। यह ओवेरियन कैंसर का संकेत हो सकता है।

पेट का फूलना और वज़न बढ़ना

अगर आपका पेट अक्सर फूला रहता है और आप बिना किसी वजह के फूलते जा रहे हो, तो यह भी ओवेरियन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

पीठ के निचले हिस्से में दर्द

कैंसर की शुरुआत में पीठ के निचले हिस्से में अक्सर दर्द रहता है। यह ब्रेस्ट ट्यूमर का भी लक्षण हो सकता है या लिवर कैंसर का भी। इसीलिए, अगर आपको अक्सर इस जगह दर्द रहती है, तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

आम, नींबू, तरबूज और पपीता बढ़ाते हैं खून में ऑक्सीजन

ऑक्सीजन हमारी जिंदगी का आधार है। शरीर के सभी अंगों को ठीक से काम करने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। शरीर में यह ऑक्सीजन खून के माध्यम से सभी अंगों तक पहुंचता है। इसलिए खून में अगर ऑक्सीजन की कमी होती है तो इससे शरीर के विभिन्न अंगों के विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने आहार में ऐसे फलों को शामिल करें जो खून में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाने का काम करते हैं।

- आम, नींबू, तरबूज और पपीता ऐसे फल हैं जो हमारी किडनी को साफ रखने में मदद करते हैं। विटामिन से भरपूर ये फल हमारे खून में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाने में भी सहयक होते हैं। तरबूज में भारी मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसके अलावा इसमें लाइकोपेन, बीटा केरोटिन और विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन शरीर में जल की मात्रा को भी संतुलित रखता है।
- अंकुरित अनाज फाइबर के भरपूर स्रोत होते हैं। ये रक्त में ऑक्सीजन बढ़ाने के बेहतर विकल्पों के तौर पर भी इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके साथ ही साथ एवोकैडो. किशमिश, खजूर अदरक और गाजर भी शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए सबसे उपयुक्त उपचार हैं। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।
- ऑर्गेनिक जिलैटिन में कैल्शियम और आयरन की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर भी पाया जाता है। यह शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने का सबसे बेहतरीन उपाय होता है। शतावरी, जलकुम्भी और समुद्री शैवाल भी खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में काफी मददगार होता है।
- इन खाद्यों का सेवन शरीर में रक्त के माध्यम से ऑक्सीजन की आपूर्ति निश्चित करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा 90 प्रतिशत से कम होने पर यह अंगों पर बुरा प्रभाव डालना शुरू कर देता है। इसकी पूर्ति के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

आधुनिक जीवनशैली की देन है अवसाद

अवसाद एक मानसिक समस्या होती है, जो आजकल की लाइफस्टाइल की वजह से तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही है। तनाव या अवसाद के कई कारण हो सकते हैं। इनके कारणों के आधार पर इनके तमाम इलाज भी ढूंढे जाते हैं। अवसाद एक मानसिक समस्या होती है, जो आजकल की लाइफस्टाइल की वजह से तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही है। लोगों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष, किसी तरह का मानसिक आघात या फिर रिश्तों में किसी भी प्रकार का मनमुटाव, इनमें से कुछ भी अवसाद का कारण हो सकता है। हाल ही में हुए एक शोध में तनाव के एक और कारण की खोज की गई है। इस शोध में यह दावा किया गया है कि इम्यून (रोग प्रतिरोधी) प्रणाली में गड़बड़ी की वजह से भी अवसाद की समस्या हो सकती है। इस तरह के अवसाद को एंटी-इन्फ्लेमेट्री यानी कि सूजनरोधी दवाओं के इस्तेमाल से सही किया जा सकता है। अवसाद के इलाज के लिए फिलहाल जिन तरीकों का प्रयोग किया जाता है उनमें दिमाग में मूड-बूस्टर रसायनों तथा सेरोटोनिन की मात्रा को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाता है। शोधकारों ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि इम्यून सिस्टम के ज्यादा क्रियाशील होने से सारे शरीर में सूजन, निराशा की भावना तथा थकान के लक्षण प्रदर्शित होते हैं। हाल के अध्ययनों से यह बात साफ हुई है कि सूजन का इलाज डिप्रेशन का भी इलाज है। रिसर्चर्स का कहना है कि यह बात स्पष्ट रूप से सही है कि सूजन या फिर जलन की वजह से अवसाद हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सूजन और अवसाद के बीच गहरा संबंध होता है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि सूजनरोधी दवाओं के इस्तेमाल से डिप्रेशन के दूर होने के दावों का मेडिकल परीक्षण अगले साल से शुरू हो जाएगा। ऐसे में यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी कि इन दवाओं के इस्तेमाल से अवसाद का इलाज किया जा सकेगा या नहीं।

डिटॉक्स डाइट का इस्तेमाल हो सकता है जानलेवा

अगर आप स्वस्थ रहने और खूबसूरत दिखने, वजन कम करने और शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने के लिए डिटॉक्स डाइट का इस्तेमाल करते हैं तो थोड़ा संभल जाएं। विशेषज्ञों के अनुसार डिटॉक्स क्लीनजेंस न केवल बेअसर होती हैं बल्कि खतरनाक भी साबित हो सकती हैं। डिटॉक्सिंग के कई साइट इफेक्ट हैं। डिटॉक्सिंग डाइट और खासकर कोलोनिक्स से डिहाइड्रेशन, यहां तक कि किडनी तक खराब हो सकती है। कई जाने मानें डिटॉक्स के तरीकों में कॉफी एनिमा और 3 दिन की एप्पल साइडर वेलेगर डाइट शामिल हैं।

डिटॉक्सिफिकेशन के कई तरीके

अधिकतर सेलिब्रिटीज फिट रहने के लिए लेमेन डिटॉक्स डाइट लेना पसंद करते हैं। 10 दिन की इस डाइट में खाने की जगह लेमन जूस, वॉटर, सेइन पीपर और मैपे सीरप। इससे शरीर के टॉक्सिन हार निकलते हैं, वजन कम होता है चेहरा और बाल चमकते हैं।

एप्पल साइडर वेनेगर में डिटॉक्स के तरीके में 3 दिन तक केवल खाने से पहले दो चम्मच एप्पल साइडर वेनेगर को पानी में गोलकर पिया जाता है। इससे लोगों को बीक कम लगती हैं और वजन कम होता है। इसके अलावा कच्चा खाने वाली डिटॉक्स डाइट में केले, नट्स, बीज, सूखे मेवे नारियल एवोकेडो ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है।

बड़ी आंत अर्थात कोलोन शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। बड़ी

आंत के अस्तर से निकलने वाला श्लेष्मा मल को आगे जाने के लिए चिकना बनाता है। कोलोन से टॉक्सिक पदार्थ निकालने वाले तरीकों में कॉफी एनिमा शामिल है। इससे किडनी और लीवर के टॉक्सिक बाहर निकलते हैं। लैक्साटिव्स- इस तरीके में एक चबाई जा सकने वाली गोली खिलाई जाती है जो मल को पतला करती है और आंतें की गति को बढ़ाती है। कब्ज की स्थिति में डॉक्टर्स कोलोनिक्स को लेने की सलाह देते हैं लेकिन अधिकतर लोग कोलोन को क्लींज करने के लिए इन डिटॉक्स तरीकों का इस्तेमाल करने लगे हैं। लैक्साटिव्स दूसरी डिटॉक्स डाइट से ज्यादा खतरनाक है। इसमें आंतों के मूवमेंट्स को बढ़ाया जाता है। इससे डायरिया, चक्कर आना, किडनी का खराब होना और कमजोरी जैसे दुष्परिणाम हो सकते हैं। कॉफी एनिमा की बात करें तो जिसमें गर्म कॉफी आंत में इंजेक्ट की जाती है इससे आंते खराब हो सकती है आंतों में छेद भी हो सकते हैं

अधिकतर डिटॉक्सेज का लंबे समय तक कोई फायदा नहीं होता। उन्होंने बताया कि शरीर का हर हिस्सा खुद अपने आप उसे डिटॉक्स करने की क्षमता रखता है। गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम और किडनी लीवर को टॉक्सिन बाहर निकालते हैं। जब लीवर के लिए गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल वेस्टेज बाहर निकालता है तो कोलोनिक्स लेना बेकार है। किडनी भी ब्लड से यूरिन के जरिए टॉक्सिन बाहर निकलती है। अगर किडनी अपना काम नहीं कर रही तो इसके लिए डायलसिस की जरूरत है न कि एप्पल साइडर वेनेगर की। डॉक्टर लॉरेन का मानना है कि अधिकतर लोग डिटॉक्स कराने के बाद अच्छा महसूस करते हैं क्योंकि उनके शरीर में टॉक्सिन नहीं रहते। इसकी जगह पर लोगों को प्रोसेस्ड फूड जिसमें अधिक मात्रा में सोडियम, फैट और शुगर हो खाने से बचना चाहिए।

एनीमिया सामान्य पर गंभीर रोग

एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है, किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं।

हीमोग्लोबिन: लाल रक्त कोशिकाओं में एक प्रोटीन है, जो शरीर के अंगों और ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाता है। जब आपके पास कम हीमोग्लोबिन का स्तर या एनीमिया होता है, तो आप थका हुआ या कमजोर महसूस कर सकते हैं। हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने और एनीमिया को मात देने के लिए यहां कुछ खाद्य पदार्थ दिए गए हैं।

चौलाई का साग: आयरन से भरपूर, ऐमारैंथ का साग जमावट को बढ़ावा देता है और हीमोग्लोबिन की मात्रा और लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या को बढ़ाता है।

खजूर: खजूर में आयरन की मात्रा एरिथ्रोसाइट्स की संख्या को बढ़ा सकती है जिससे हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ जाता है। खजूर उन फलों में से एक है जिसमें आयरन (स्रद्र) होता है जो आयरन (स्रद्र), विटामिन ष्ट, विटामिन क्रकॉम्प्लेक्स और फोलिक एसिड की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होता है जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद कर सकता है। खजूर का सेवन लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सुधार और एनीमिया को रोकने में मदद कर सकता है।

किशमिश: किशमिश आयरन और कॉपर का एक समृद्ध स्रोत है जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

बाजरा: बाजरा के नियमित सेवन से हीमोग्लोबिन और सीरम फेरिटिन के स्तर में सुधार हो सकता है, जिससे आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को कम किया जा सकता है, जो विश्व स्तर पर बढ़ रहा है।

तिल के बीज: तिल के बीज में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जैसे लोहा, फोलेट, फ्लेवोनोइड, तांबा और अन्य पोषक तत्व जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं।

तुलसी: शरीर में खून की कमी होने पर तुलसी की पत्तियों का सेवन भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप रोजाना तुलसी के पत्तों का सेवन सुबह खाली पेट करें। इसके अलावा आप तुलसी के रस को रोज सुबह और शाम पानी में डालकर पियें। ऐसा नियमित रूप से करने पर आपको एनीमिया की समस्या में फायदा मिलेगा।

पालक: शरीर में खून की कमी या एनीमिया की समस्या में पालक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। यूं तो लोग पालक का इस्तेमाल साग या सब्जी के रूप में करते हैं लेकिन आयुर्वेद में इसे औषधि माना जाता है। पालक में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है इसलिए इसका सेवन खून की कमी को दूर करने में फायदेमंद है। एनीमिया की समस्या में आप पालक का नियमित रूप से सेवन करें, आयुर्वेद के मुताबिक ऐसा करने से एनीमिया में फायदा मिलता है।

मेथी: मेथी के पत्तों को साग के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिसमें आयरन जैसे तमाम पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। आप मेथी का साग का नियमित रूप से सेवन कर शरीर में खून की कमी को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा एनीमिया में आप मेथी के बीज को पानी में भिगोकर उसके पानी का बीज का सेवन रोजाना सुबह के समय करें। ऐसा नियमित रूप से करने पर आपको एनीमिया की समस्या में फायदा मिलेगा।

ऐलोवेरा जूस: शरीर में खून की कमी होने पर आप नियमित रूप से एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। एनीमिया को दूर करने के लिए आप रोजाना 20 रूएलोवेरा के जूस का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से कुछ दिनों के लिए इसका सेवन करने पर एनीमिया की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

घी: घी का सेवन शरीर में पित्त दोष को संतुलित करने के लिए फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद के मुताबिक एनीमिया की समस्या में पित्त उत्तेजित हो जाता है और इस स्थिति में घी का सेवन करने से फायदा मिलता है।

पपीते का रस ठीक करता है कई गंभीर बीमारियां

आम तौर पर माना जाता है कि पपीते का फल पेट की बीमारियों का रामबाण उपाय है पर इतना ही नहीं है। पपीता एक ऐसा फल है जो गंभीर बीमारियों को बढ़ने से रोकता है। ऐसे में अगर आप स्वस्थ् रहना चाहते हैं तो पपीते का सेवन करना शुरु कर दें। पपीता ही नहीं इसके पत्तों का रस भी बेहद स्वस्थ्यवर्धक होता है। अगर आपने इसके पत्तों का रस पीया है तो ठीक और नहीं पीया तो पीना शुरू कर दीजिए क्योंकि पपीता खाने के साथ ही इसके पत्तों का रस पीने से कई तरह की बड़ी बीमारियों से बचाव होता है।

वैसे तो ज्यादातर डेंगू और चिकनगुनिया के रोगियों को इसका रस पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अगर आप ताउम्र स्वस्थ रहना चाहते हैं तो इसे आपने आहार में शामिल करें। कैंसर कोशिकाओं को रोकता है पपीते के पत्तों में कैंसररोधी गुण होते हैं जो कि रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने में मदद करते हैं और सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर जैसे कैंसर के सेल्स को बनने से रोकते हैं।

संक्रमण से बचाव

शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ ही पपीते के पत्तों का जूस शरीर में बैक्टीरिया की ग्रोथ रोकने में भी सहायक है। यह खून में सफेद रक्त कणों और प्लेटलेट्स को बढ़ाने में भी सहायता करता है।

डेंगू नहीं होगा

डेंगू और मलेरिया से लड़ने में पपीते की पतियों का रस काफी लाभकारी रहता है। यह बुखार की वजह से गिरती प्लेटलेट्स को बढ़ाने और शरीर में कमजोरी को बढ़ने से रोकता है।

पीरियड्स में लाभप्रद

पीरियड्स में होने वाला दर्द में अगर पपीते की पत्ती को इमली, नमक और 1 ग्लास पानी के साथ मिलाकर काढ़ा बनाया जाए और इसे ठंडा करके पिया जाए तो काफी आराम मिलता है।

एनीमिया में लाभप्रद

पपीते का रस किसी औषधि से कम नहीं है। अगर आपकी ब्लड प्लेटलेट्स कम हो रही हैं तो इसे पीने से ब्लड प्लेटलेट्स बढ़ जाती हैं। बस रोजाना इस रस को दो चम्मच लगभग तीन महीने तक पिएं।

क्या होगा सीबीआई की जांच से तारीख पर तारीख ?

सनत जैन

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने नर्सिंग काउंसिल और नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता संबंधी कार्यों में जो अनियमितता और भ्रष्टाचार किया गया है। हाईकोर्ट ने मप्र मेडीकल साइंस वि.वि.म.प्र. नर्सेस रिजस्ट्रेशन काउंसिल और इंडियन नर्सिंग काउंसिल के रिकार्ड की जांच कर 3 माह के अंदर रिपोर्ट देने के आदेश दिये हैं। हाईकोर्ट के आदेश से सीबीआई जांच करेगी। कई माहों तक यह मामला जांच में लंबित रहेगा। हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार मय होगा। सीबीआई की रिपोर्ट आने के बाद हाईकोर्ट फिर मामले की सुनवाई करेगी। जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारी नियम कानून और एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़ कर अपने आप को बचाने का प्रयास करेंगे। इसी तरीके से भ्रष्टाचार होता रहेगा। व्यापम घोटाले की जांच भी सीबीआई ने की थी। इतने वर्षों बाद क्या हुआ, यह सभी जानते हैं। जो जिम्मेदार अधिकारी थे, वह आज भी खुले घूम रहे हैं। जो भी गाज गिरी, वह परीक्षार्थियों और उनके परिवार जनों पर गिरी जिनकी कोई गलती नहीं थी। वह भ्रष्ट व्यवस्था और सरकार की लाख फीताशाही के शिकार हुए थे। ग्वालियर खंडपीठ ने 36 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता के संबंध में नर्सिंग काउंसिल की भूमिका, सरकार की भूमिका, डीएमई की भूमिका और मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की भूमिका पर आश्चर्य व्यक्त किया । संस्थाओं की कार्यवाही को देखने के बाद हाईकोर्ट को जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने लापरवाही बरती है। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करके हाईकोर्ट को मैसेज देना था। नर्सिंग काउंसिल एक चपरासी के भरोसे चल रही है। सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद करके गांधीजी के तीन बंदरों की तरह बैठे हुए हैं। हजारों छात्रों का भविष्य, जिन्होंने नर्सिंग कॉलेज की मान्यता देखकर एडमिशन लिया था। अब वह यहां से वहां चक्कर काट रहे हैं। आर्थिक और मानसिक रूप से तो उन्हें नुकसान हुआ ही है। इसके साथ-साथ कीमती वर्ष भी बर्बाद हो गया है। उनके डॉक्यूमेंट नर्सिंग कॉलेजों में जमा है। जब तक सीबीआई की जांच चलती रहेगी, सब कुछ ठहरा हुआ होगा। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान छात्र-छात्राओं का हो रहा है। सीबीआई जांच हो, इससे कोई इंकार नहीं है। लेकिन छात्र छात्राओं को भी न्याय मिले। आगे इस तरह की कोई गड़बड़ी ना हो। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। तब लोगों का भरोसा न्यायपालिका के ऊपर पुख्ता होगा। सीबीआई की जांच से अब छात्र-छात्राओं और जिम्मेदार लोगों को भी डर लगने लगा है। कई वर्षों तक चलने वाली इस जांच में जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही नहीं होती है। सबसे ज्यादा खामियाजा सबसे कमजोर पक्ष जिन्हें न्याय की आस होती है। उन्हें ही नुकसान उठाना पड़ता है। हजारों छात्र-छात्रायें वि.वि. में पंजीयन और परीक्षा के लिये भटक रहे हैं। जिन छात्रों के बेहतर भविष्य और बेहतर शिक्षा के लिये जिन संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है। यदि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पाये। ऐसी स्थिति में कोर्ट को इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

वृद्धजनों का मान-सम्मान करें

डॉ. सौरभ मालवीय

जीवन के कई चक्र हैं, जैसे बाल्यकाल, यौवनकाल, प्रौढ़काल एवं वृद्धकाल। वृद्धावस्था में मनुष्य कमजोर हो जाता। उसका शारीरिक बल कम हो जाता है, सुनने एवं देखने की शक्ति क्षीण हो जाती है। इस अवस्था में मनुष्य का मस्तिष्क भी प्रभावित होता है। उनकी स्मरण शक्ति क्षीण होने लगती है। वह बातें भूलने लगता है। वह वस्तु रखकर भूल जाता है। अकसर उसी समय कही गई बात भी उसे स्मरण नहीं रहती। ऐसे समय में वृद्धजनों को अपने परिवार की बहुत आवश्यकता होती है। उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्हें अपने परिवार के लोगों के प्रेम की आवश्यकता होती है। यदि ऐसे समय में उन्हें अपने परिवार के लोगों का साथ न मिले तो वे टूट जाते हैं। उनका मनोबल कम हो जाता है। दुर्भाग्यवश यदि उन्हें अपने परिवार के लोगों के द्वारा प्रताड़ित होना पड़े, तो उनका जीवन नारकीय बन कर रह जाता है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रकाबगंज के रहने वाले 82 वर्षीय रामेश्वर प्रसाद हाथों में यूरिन का बैग लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं। उनके दो युवा पुत्र और चार पुत्रियां हैं। किन्तु उनकी कोई भी संतान उनकी देखभाल नहीं करना चाहती है। उनकी दयनीय स्थिति देखकर वन स्टॉप सेंटर ने उन्हें सरोजनी नगर स्थित सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान पहुंचाया है। देश में रामेश्वर प्रसाद जैसे हजारों वृद्ध हैं, जो परिवार के होते हुए भी असहाय हैं।

देश में वृद्धजनों की एक बड़ी संख्या है। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश की कुल जनसंख्या में वृद्धजनों की भागीदारी वर्ष 2011 में लगभग 9 प्रतिशत थी। वर्ष 2036 तक यह संख्या बढ़कर 18 प्रतिशत होने का अनुमान है। देश की 8.4 प्रतिशत यानी 10.2 करोड़ जनसंख्या की आयु 60 वर्ष से अधिक है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2061 तक भारत में वृद्धजनों की संख्या 42.5 करोड़ हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की ही रिपोर्ट के अनुसार भारत में वृद्धजनों की संख्या वर्ष 2050 तक लगभग 20 प्रतिशत होने का अनुमान है। वर्तमान में यह दर 8 प्रतिशत है। वर्ष 2050 तक वृद्धजनों की संख्या में 326 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि इनमें 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या में 700 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है।

जिस प्रकार देश में वृद्धजनों के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार एवं आपराधिक घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, उसके दृष्टिगत वृद्धजनों की स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है। यह संतोष की बात है कि देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति दिन-प्रतिदिन उत्तम होने के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है। वर्तमान समय में जीवन प्रत्याशा स्वतंत्रता के समय की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई है। वर्ष 1940 के दशक के अंत में जीवन प्रत्याशा लगभग 32 वर्ष थी, जो अब बढ़कर 70 वर्ष हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की आयु अधिक लंबी होगी। वर्ष 2011 में यह 69.4 वर्ष थी, जो वर्ष 2061 में बढ़कर 79.7 वर्ष हो जाएगी। पुरुषों में वर्ष 2011 में औसत आयु 66 वर्ष थी, जो वर्ष 2061 में 76.1 वर्ष हो जाएगी। किन्तु दुख का विषय यह है कि वृद्धजनों की बढ़ती संख्या के साथ उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार के मामलों में वृद्धि होने की आशंका है। देश में वृद्धजनों पर अत्याचार के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं, सभ्य समाज के मस्तक पर कलंक हैं। वृद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, गंभीर मारपीट, अपहरण, दुष्कर्म, लूट एवं जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों का शिकार हो रहे हैं।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में वृद्धजनों पर अत्याचार के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। वृद्धजनों के प्रति घटित अपराधों में महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है। इस मामले में मध्य प्रदेश द्वितीय एवं तेलंगाना तृतीय स्थान पर है। दुख एवं लज्जा की बात है कि देश में कोरोना काल में लगाए गए लॉकडाउन में वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार के मामले में भारी वृद्धि हुई। एजवेल फाउंडेशन द्वारा कराए

गए सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 82 प्रतिशत वृद्धों का कहना था कि कोरोना के कारण उनका जीवन प्रभावित हुआ। इनमें से 73 प्रतिशत वृद्धजनों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, जबकि 65 प्रतिशत वृद्धजनों को अपने जीवन में उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। 58 प्रतिशत वृद्धजनों का कहना था कि वे अपने परिवारों एवं समाज में दुर्व्यवहार का शिकार हो रहे हैं। लगभग 35.1 प्रतिशत वृद्धजनों का कहना था कि वृद्धावस्था में लोग घरेलू हिंसा का सामना करते हैं। उन्हें मौखिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। देश में वृद्धजनों को स्वास्थ्य की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। जनगणना के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1995 में ग्रामीण क्षेत्रों वृद्धजनों की मृत्यु के तीन सबसे बड़े कारण श्वास संबंधी रोग, हृदयघात एवं लकवा रहे हैं। इनमें श्वास संबंधी रोगों के कारण 25.8 प्रतिशत लोगों की मृत्यु हुई, जबकि हृदयघात से 3.2 प्रतिशत तथा लकवा के कारण 8.5 प्रतिशत मृत्यु हुई। परिवार के लोगों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के कारण वृद्धजन मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। देशभर में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्ध अवसाद ग्रस्त हैं। स्थिति यह है कि लगभग 50 प्रतिशत वृद्धजनों को मनोचिकित्सीय या मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता अनुभव होती है। अब से लगभग दो दशक पहले की बात करें, तो तब भी वृद्धजनों की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। 52वें नेशनल सैम्पल सर्वे-1995- 96 की एक रिपोर्ट के अनुसार वृद्धजनों में दीर्घकालिक रोग पाए गए। ग्रामीण क्षेत्रों 25 प्रतिशत वृद्धजनों दीर्घकालिक रोगों ने पीड़ित थे, जबकि शहरों क्षेत्रों में यह दर 55 प्रतिशत थी। वृद्धजन जोड़ों की समस्या से सबसे अधिक पीड़ित थे। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 38 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 43 प्रतिशत वृद्धजनों को जोड़ों से संबंधित कोई न कोई समस्या थी। ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं को जोड़ों की समस्या अधिक थी। शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में जोड़ों की समस्या, उच्च व कम रक्तचाप तथा कैंसर आदि रोग अधिक पाए गए। इसके पश्चात खांसी से वृद्धजन पीड़ित पाए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में 40 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्रों में 35 प्रतिशत वृद्धजन किसी न किसी प्रकार की शारीरिक अक्षमता से ग्रस्त पाए गए हैं। देश के अधिकतर वृद्धजनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के अपने परिवार के लोगों पर निर्भर रहना पड़ता है। 'हेल्पएज इंडिया' नामक स्वयंसेवी संस्था द्वारा किए गये एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 47 प्रतिशत वृद्धजन आय के लिए अपने परिवार के लोगों पर निर्भर हैं, जबकि और 34 प्रतिशत पेंशन एवं सरकारी नकद हस्तांतरण पर निर्भर हैं। सर्वेक्षण में सम्मिलित 40 प्रतिशत लोगों ने कहा था कि वह जब तक संभव हो सकेगा वह कार्य करने के इच्छुक हैं, ताकि उन्हें पैसों के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े। वास्तव में वृद्धावस्था में लोगों को अपनी निजी आवश्यकताओं के लिए अपने बच्चों से पैसे मांगने पड़ते हैं। बहुत से ऐसे लोग भी होते हैं, जो अपने वृद्ध माता-पिता को पैसे नहीं देते। ऐसी स्थिति में वृद्धजन पैसों से वंचित हो जाते हैं। ऐसे वृद्ध नागरिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पेंशन योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के वृद्ध नागरिकों को 500 रुपये प्रति माह प्रदान किए जाते हैं। यह धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा की जाती है।

दिव्यता की विविधता

ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं। अक्सर के अनुसार जब तुम अपना रूप बदलते हो तो फिर कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो?

रायबहादुर डॉ हीरालाल राय जन्म जयंती

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

राय बहादुर डॉक्टर हीरालाल का जन्म कटनी जिले के मुड़वारा में 1 अक्टुम्बर 1867 में हुआ था .उनकी मृत्यु 19 अगस्त 1934 में हुई थी .आपने उच्च कोटि का अध्ययन कर उच्चकोटि की उपलब्धियां स्थापित की जो अविस्मरणीय रहेगा और हैं .आपने शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य किये .

जिन शहरों या गांव में कन्या स्कूल नहीं थे वहां कन्याएं पढ़ने ही नहीं जाती थी या उनको बड़े शहर जाना पड़ता था इस समस्या को गंभीरता से लेकर हीरालाल जी द्वारा इसके समाधान हेतु भारत में सर्वप्रथम लड़के लड़कियों की सहशिक्षा प्रारंभ की ।.आपने सीधा स्कूल प्रारंभ किया जिनके पास पैसे नहीं थे वे राशन या अपनी कृषि उपज देकर अपने बच्चों को पढ़ाते थे। आपने कई शालाएं खुलवाई। ऐसे स्थानों और रियासतों में भी शालाएं खुलवाई जो उपेक्षित व पहुंच विहीन क्षेत्र थे । कन्याओं की शिक्षा पर आपने विशेष ध्यान दिया अतः आपने कई कन्या शालाएं भी खुलवाई एक समय में तो सबसे ज्यादा सागर जिले में कन्या शालाएं में हों गईं थीं। आपने प्रथम गोंड स्कूल एवं दलित स्कूल भी खोला । आपने शिक्षा सुधार हेतु कई कार्य किए जैसे कि शिक्षकों की वेतन वृद्धि की जिससे शिक्षा के क्षेत्र में आई शिथिलता दूर हुई ।. दमोह में एक संस्था लीग ऑफ ऑनर की भी स्थापित किया जिससे विद्यार्थियों को विशेष लाभ हुआ। आपने छात्र छात्राओं के लिए कई छात्रवृत्तिआं चालू कीं एवं उनके प्रोत्साहन के लिए कई पुरस्कार /पदक चालू किए जैसे कि मनरो प्राइस, केदारनाथ पदक,उमाबाई प्राइस आदि।

आपने कटनी स्थित रायवाड़ा में एक वृहद ग्रंथालय राय ग्रंथालय की स्थापना की । जिसका उद्घाटन बिना किसी आडंबर के अपने ही प्रिय मित्र पंडित डॉ हीरानंद शास्त्री जी (साहित्यरत्न अज्ञेय के पिताजी) से करवाया। जहां दुष्प्राप्य पुस्तक, पत्रिकाएं व भारत के विभिन्न प्रकाशकों के प्रकाशन रखे जाते थे सेवानिवृत्ति के बाद पुस्तक रचना व विश्वविद्यालयों से जो भी पारिश्रमिक मिलता था, आप वह राय ग्रंथालय को दे देते थे। आप एपीग्राफिया इंडिका व अन्य नामचीन पत्र-पत्रिकाओं में बिना किसी पारिश्रमिक व पुरस्कार के अपने लेख देते थे क्योंकि आपका यह मानना था कि आप विद्या की उन्नति के लिए लिखते हैं ना कि धन कमाने के लिए। आपने वसीयत के माध्यम से रॉबर्टसन कॉलेज जबलपुर को प्रतिभावान विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति हेतु 10000 रूपये दान दिए साथ-साथ अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में प्रतिभावान विद्यार्थियों की सहायता के लिए 3000 रूपये दान दिए।

आपने व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु पुस्तक लिखी ,आपने शाला उपयोगी लघु पुस्तकें भी लिखीं जैसे शालाबाग (देहाती शालाओं में बगीचा लगाने की विधि का व्यवहारिक प्रशिक्षण) जो रोजगारोन्मुखी शिक्षा संबंधी पाठ्यक्रम में उनकी प्रथम प्रकाशित पुस्तक है । आप मिडिल स्कूलों और हाई स्कूलों के मास्टरओं को पढार्थ विज्ञान पढ़ाने के लिए नियुक्त हुए उस समय यह विषय पहले ही पहले स्कूलों में प्रचलित हुआ था परंतु इस कार्य को आपने बड़ी ही योग्यता के साथ संपन्न किया। आप शिक्षा विभाग में कई पदों पर रहे जैसे की एजेंसी इंस्पेक्टर आफ स्कूल्स, इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल आदि। हिंदी की शुद्धता के लिए, स्कूल कॉलेजों में पाठ्यक्रमों में समाहित, फारसी मिश्रित शब्दों को हटवाया और अध्यापकों को बाध्य किया कि वह फारसी मिश्रित शब्दों का प्रयोग ना करें एवं इस हेतु समुचित कदम उठाएं। तत्कालीन मध्यप्रांत के प्रमुख नागपुर विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में हिंदी विषय को समाहित कराया तदुपरांत सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थी हिंदी साहित्य से अवगत हुए . आपने स्कूलों में शुद्ध हिंदी लिखने की शैली प्रचलित की । आपने कविताओं के उन्नयन पर भी विशेष ध्यान दिया। स्कूल कॉन्फ्रेंसों के समय मास्टरओं के लिए जो विषय निर्वाचित किए जाते थे उनमें से प्रायः विषयों में कविता की प्रधानता रहती थी।.नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा आपको डी लिट की उपाधि प्रदान की गई। नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा आपको कुलपति बनने का आग्रह किया गया इसके अतिरिक्त महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा भी विभाग अध्यक्ष बनने के लिए आमंत्रित किया गया परंतु सेवानिवृत्ति के बाद अपना जीवन कटनी में व्यतीत करने के लगाव के कारण आपने दोनों ही आग्रह को ससम्मान अस्वीकार किया।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार: भारतीय सिने जगत का सर्वोच्च पुरस्कार

सूडोकु नवताल- 6206

★★★★☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6205 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

योगेश कुमार गोयल

वर्ष 2020 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार बॉलीवुड की की आइकॉनिक एक्ट्रैस मानी जाने वाली सुप्रसिद्ध अभिनेत्री, निर्देशक, निर्माता और कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना आशा पारेख को दिए जाने की घोषणा हुई है। 1992 में पद्मश्री से सम्मानित 79 वर्षीया आशा जी को भारतीय सिने जगत का यह शिखर सम्मान 30 सितम्बर को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। 95 से भी ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुकी दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाली 52वीं शख्सियत हैं और 37 वर्षों के बेहद लंबे अंतराल के बाद किसी अभिनेत्री को भारतीय सिनेमा का यह शिखर सम्मान मिला है। 1983 में अभिनेत्री दुर्गा खोटे को यह सम्मान मिला था। हालांकि अभिनेत्रियों के अलावा 1989 में मशहूर गायिका लता मंगेशकर और 2000 में आशा भौंसले को यह सम्मान मिला था। 2020 के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए आशा पारेख का चयन किए जाने के निर्णय की घोषणा करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का कहना था कि दादा साहेब फाल्के पुरस्कार की जूरी ने भारतीय सिनेमा में आशा पारेख के जीवनभर के अनुकरणीय योगदान को मान्यता देने और उन्हें पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थापित संगठन 'फिल्म महोत्सव निदेशालय' द्वारा राष्ट्रीय

फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रतिवर्ष भारतीय सिनेमा के पितामह कहे जाने वाले दादा साहेब फाल्के के नाम पर यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा और उसके विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को वर्ष 1969 से नियमित प्रदान किया जा रहा है, जिसे भारतीय सिने जगत के शिखर पुरस्कार का दर्जा प्राप्त है। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शख्सियत को 10 लाख रुपये नकद, स्वर्ण कमल पदक एवं शाल प्रदान की जाती है। आशा पारेख से पहले रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, मनोज कुमार, पृथ्वीराज कपूर, बी आर चोपड़ा, यश चोपड़ा, श्याम बेनेगल, देवानंद, शशि कपूर, भूपेन हजारिका, लता मंगेशकर, मन्ना डे, गुलजार, प्राण सहित कई नामी कलाकारों को यह शिखर सम्मान मिल चुका है। यह पुरस्कार भारतीय फिल्मोद्योग में दिया जाने वाला सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वोच्च पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष इंडस्ट्री के तमाम फिल्मकारों, निर्देशकों और कलाकारों की आजीवन उपलब्धियों का समग्र मूल्यांकन करने के पश्चात् भारतीय सिनेमा के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले किसी एक फिल्मकार, निर्देशक अथवा कलाकार को प्रदान किया जाता है। वर्ष 1969 में जब दादा साहेब फाल्के पुरस्कार की स्थापना हुई थी, तब उस जमाने की विख्यात अभिनेत्री एवं फिल्म निर्मात्री देविका रानी को पहली बार यह पुरस्कार पाने का गौरव हासिल हुआ था। आज की युवा पीढ़ी दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के बारे में भले ही थोड़ी बहुत जानकारी रखती हो किन्तु संभवतः उन्हें दादा साहेब फाल्के की शख्सियत के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होगी। इसलिए यह जानना भी जरूरी है कि दादा साहेब फाल्के कौन थे और उनका भारतीय सिने जगत में क्या योगदान रहा।

दादा साहेब फाल्के के नाम पर शुरू किए गए पुरस्कार को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा पुरस्कार इसीलिए माना जाता है क्योंकि दादा साहेब फाल्के को ही भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है। फिल्मों में दादा साहेब के अविस्मरणीय योगदान के मद्देनजर उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार ने उनके जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' की स्थापना की थी और तभी से प्रतिवर्ष भारतीय सिनेमा के विकास में आजीवन उत्कृष्ट योगदान देने वाली किसी एक फिल्मी हस्ती को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता रहा है। 1971 में भारतीय डाक विभाग ने दादा फाल्के के सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया था।

गर्भपात और महिला अधिकार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की महिलाओं के अधिकारों के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। उसने अपने ताजातरीन फैसले में सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया है, वे चाहे विवाहित हों या अविवाहित हों। भारत में चले आ रहे पारंपरिक कानून में केवल विवाहित महिलाओं को ही गर्भपात का अधिकार था। वे गर्भ-धारण के 20 से 24 हफ्ते में अपना गर्भपात करवा सकती थीं लेकिन ऐसी महिलाएं, जो अविवाहित हों और जिनके साथ बलात्कार हुआ हो या जो जान-बूझकर या अनजाने ही गर्भवती हो गई हों, उन्हें गर्भपात का अधिकार अब तक नहीं था। उसका नतीजा क्या होता रहा? ऐसी औरतें या तो आत्महत्या कर लेती हैं, या छिपा-छिपाकर घर में ही किसी तरह गर्भपात की कोशिश करती हैं या नीम-हकीमों और डॉक्टरों को पैसे खिलाकर गुपचुप गर्भमुक्त होने की कोशिश करती हैं। इन्हीं हरकतों के कारण भारत में 8 प्रतिशत गर्भवती औरतें रोज़ मर जाती हैं। लगभग 70 प्रतिशत गर्भपात इसी तरह के होते हैं। जो औरतें बच जाती हैं, वे इस तरह के गर्भपातों के कारण शर्म और बिमारियों की शिकार हो जाती हैं। भारत में गर्भपात संबंधी जो कानून 1971 और संशोधित कानून 2021 में बना, उसमें अविवाहित महिलाओं का गर्भपात गैर-कानूनी या आपराधिक माना गया था। अब सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐसी ही महिला के मामले पर विचार करते हुए सभी महिलाओं को गर्भपात की छूट दे दी है। जाहिर है कि संसद अब इस आदेश को लागू करने के लिए कानून बनाएगी। इसके साथ-साथ अदालत ने यह भी माना है कि यदि कोई विवाहित स्त्री अपने पति के बलात्कार के कारण गर्भवती हुई है तो उससे भी गर्भपात की छूट देनी चाहिए। यह जरुरी नहीं है कि जो भी अविवाहित महिला गर्भवती होती हैं, वह व्यभिचार के कारण ही होती है। इसके अलावा गर्भपात के लिए अन्य कई अनिवार्य कारण भी बन जाते हैं। उन सब पर विचार करते हुए अदालत का उक्त फैसला काफी सही लगता है लेकिन डर यही है कि इसके कारण देश में व्यभिचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ सकती हैं, जैसा कि यूरोप और अमेरिका में होता है। दुनिया के 67 देशों में गर्भपात की अनुमति सभी महिलाओं को है। कुछ देशों में गर्भपात करवाने के पहले उसका कारण बताना जरुरी होता है। केथोलिक ईसाई और मुस्लिम राष्ट्रों में प्रायः गर्भपात के प्रति उनका रवैया कठोर होता है लेकिन सउदी अरब और ईरान जैसे देशों में इसकी सीमित अनुमति है। दुनिया के 24 देशों में अभी भी गर्भपात को अपराध ही माना जाता है। भारत में गर्भपात की अनुमति को व्यापक करके सर्वोच्च न्यायालय ने स्त्री-स्वातंत्र्य को आगे बढ़ाया है।

बिग बॉस के घर में नजर आएगी नायाब सिंगर नेहा भसीन, नाम पर लगी मुहर

छोटे पर्दे के फेमस रियलिटी शो बिग बॉस को फैंस के बीच काफी पसंद किया जाता है. इस शो के हर एक सीजन को फैंस से काफी प्यार मिला है. ऐसे में अब एक बार फिर से शो अपने नए सीजन के साथ फैंस से रूबर होने को तैयार है. खास बात ये है कि टीवी पर आने से पहले बिग बॉस 15 ओटीटी प्लेटफॉर्म वूट सिलेक्ट पर नजर आएगा. अब शो के पहले कंटेस्टेंट का नाम फाइनल हो गया है. हाल ही में बिग बॉस 15 के घर के अंदर की कुछ फोटोज लीक हुई थीं और कंफर्म हुआ था कि वूट पर शो को करण जौहर होस्ट करते नजर आएंगे. ऐसे में अब बिग बॉस ओटीटी के कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वूट ने अपनी पहली कंटेस्टेंट का नाम रिवील कर दिया है.

कंटेस्टेंट का नाम वूट सिलेक्ट पर एक वीडियो के साथ बताया गया है. बिग बॉस ओटीटी के पहले सीज़न की पहली कंटेस्टेंट कोई और नहीं नायाब सिंगर नेहा भसीन हैं. नेहा एक बहुत ही फेमस सिंगर हैं. वूट सिलेक्ट पर नेहा का इंट्रोडक्शन एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बाजरे दा सिट्टा गाना गाते हुए घर में आती हैं. आपको बता दें कि इसमें वह कहती नजर आती हैं कि बिग बॉस के घर में मेरी आवाज सुनने को तैयार हो जाएं, यह आवाजा गाना गाती भी है और गूंजती भी लेकिन किसी से दबती बिल्कुल नहीं है. मैं आ रही हूं बिग बॉस ओटीटी पर. अब आप मुझे देख सकते हैं 24म7.इतना ही नहीं वूट ने सोशल मीडिया में नेहा की आंखों की तस्वीर शेयर करके सिर्फ़ क्लू छोड़ा है. इसके साथ ही फैंस से पहचानने को कहा है. अब जब नेहा घर में जा रही हैं, तो जायज सी बात है कि घर में जम कर हंगामा होने वाला है. नेहा बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए भी खूब जानी जाती हैं. वहीं बिग बॉस ओटीटी का ट्विस्ट यह है कि इसको सलमान खान होस्ट नहीं करेंगे. फैंस सलमान खान को केवल टीवी पर होस्टिंग करते देख पाएंगे. टीवी पर शो के टेलीकास्ट होने के 6 हफ्ते पहले शो वूट पर आ रहा है. आपको बता दें कि यानी कि टीवी पर बिग बॉस 15 अक्टूबर के आख़िरी हफ़्ते में शुरू हो सकेगा. ओटीटी पर फैंस कंटेस्टेंट को 24 घंटे देख पाएंगे. साफ है कि इस बार फैंस को शो नए अंदाज में मनोरंजित करने वाला है. अब देखना होगा कि और कौन कौन से कंटेस्टेंट घर में एंट्री मारते हैं।

इन चीजों के इस्तेमाल से अपने बालों को करें डिटॉक्स, दूर होंगी कई समस्याएं

जिस तरह से शरीर को डिटॉक्स करना जरूरी है, ठीक उसी तरह से समय-समय पर बालों को डिटॉक्स करना महत्वपूर्ण है। दरअसल, यह बालों और स्कैल्प से विषाक्त पदार्थों और अन्य हानिकारक अवशेषों को हटाने में मदद करता है। इसी के साथ यह बालों की कुछ समस्याओं का उपचार भी कर सकता है। आइए जानते हैं कि आप घर पर अपने बालों को किन-किन चीजों की मदद से डिटॉक्स कर सकते हैं।

बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल: अगर आपके बाल तैलीय प्रकार के हैं तो आप इन्हें बेकिंग सोडा की मदद से काफी अच्छे से डिटॉक्स कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक कटोरे में तीन कप गर्म पानी में तीन आधा कप बेकिंग सोडा अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने बालों को पहले गीला कर लें। अब इन पर बेकिंग सोडा वाला मिश्रण लगाएं और 10 मिनट तक मसाज करें। अंत में बालों को धो लें और अपने बालों पर कंडीशनर भी जरूर करें।

शहद भी है प्रभावी: शहद कई ऐसे गुणों से समृद्ध होता है जो बालों की गहराई से सफाई करने के साथ-साथ इन्हें डिटॉक्स करने में भी सहायक होते हैं। लाभ के लिए एक कटोरी में तीन चम्मच साफ पानी और दो चम्मच शहद अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने बालों को गीला करके इस मिश्रण को इनमें लगाएं और 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में बालों को गुनगुने पानी से धो लें।

शिकाकाई है कारगर: शिकाकाई ऐसी जड़ी-बूटियों में शामिल है जो बालों को कई समस्याओं से राहत दिलाकर उन्हें स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकती है। बालों को डिटॉक्स करने के लिए पहले एक कटोरी में दो-तीन चम्मच शिकाकाई पाउडर और पानी मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं। अब अपने बालों में इस पेस्ट को लगाएं और इसे कम से कम आधे घंटे के लिए लगा रहने दें। इसके बाद स्कैल्प की मसाज करें और फिर सिर को धो लें।

खीरे और नींबू का मिश्रण भी आएगा काम: बालों को डिटॉक्स करने के साथ-साथ इन्हें खूबसूरत बनाए रखने में खीरे और नींबू का मिश्रण काफी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले आवश्यकतानुसार खीरे और नींबू को काटकर इन्हें ब्लेंडर की मदद से पीस लें। अब इस मिश्रण को अच्छे से पूरे सिर में लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद अपने सिर को शैंपू और पानी से धो लें। यकीनन इससे आपके बाल स्वस्थ रहेंगे।

'तानाजी' के बाद मराठी सिनेमा में धमाकेदार डेब्यू करने जा रही हैं इलाक्षी गुप्ता

बॉलीवुड में अपना नाम बनाना कोई आम बात नहीं हैं. इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए आपको लगातार काम करना पड़ता है. ऐसी ही एक एक्ट्रेस हैं इलाक्षी गुप्ता. इलाक्षी हमें अजय देवगन की फिल्म तानाजी: द अनसंग वॉरियर में नजर आई थीं. इस फिल्म को बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी सफलता हासिल हुई थी. जिस वजह से एक्ट्रेस खूब चर्चा में आ गई थीं. ऐसे में अब खबर है कि इलाक्षी अब बॉलीवुड में बाद मराठी सिनेमा में डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. इलाक्षी ने तानाजी: द अनसंग वॉरियर से ही बॉलीवुड में डेब्यू किया था. जिसके बाद अब वो मराठी फिल्म में नजर आने वाली हैं.

तानाजी: द अनसंग वॉरियर में एक्ट्रेस हमें शिवजी राजे सोइरा बाई की भूमिका निभाते हुए नजर आईं थीं. आपको बता दें, एक्ट्रेस की अगली फिल्म का नाम 'भ्रम' है. जहां इस फिल्म का निर्देशन वैभव लोंधे करने जा रहे हैं. वहीं एक्ट्रेस हमें इस फिल्म में हमें कई प्रसिद्ध मराठी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगी. फिल्म के नाम से ही पता लगता है कि ये फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी. देखना मजेदार होगा कि एक्ट्रेस इस फिल्म में अपनी भूमिका को किस तरज से निभाती हैं, और ये फिल्म दर्शकों को कितनी पसंद आती है.

वर्कफ्रंट की बात करें तो इलाक्षी गुप्ता इन दिनों कई नई फिल्मों की तलाश में भी हैं. जहां एक्ट्रेस हमें बहुत जल्द अपनी फिल्म लव यू शंकर में भी दिखाई देंगी. एक्ट्रेस के पास कई और भी मराठी फिल्में हैं जिनके लिए उन्हें चुना गया है. आपको बता दें, एक्ट्रेस इन दिनों सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं. जहां से वो लगातार अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं. सोशल मीडिया की मदद से एक्ट्रेस अपने काम को कई लोगों तक पहुंचा रही हैं. देखना होगा आने वाले समय में एक्ट्रेस हमें और कौन सी फिल्मों में नजर आती हैं.

अक्षय की बेल बॉटम 19 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज, अभिनेता ने की घोषणा

बॉलीवुड में खिलाड़ी कुमार के नाम से मशहूर अक्षय कुमार के लाखों चाहने वाले हैं। प्रशंसक उनकी फिल्मों की प्रतीक्षा में लगे रहते हैं। हाल के दिनों में अक्षय अपनी फिल्म बेल बॉटम को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी अनिश्चितताएं बनी हुई थीं। अब फिल्म के लीड कलाकार अक्षय ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म अगले महीने 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। उन्होंने एक वीडियो क्लिप शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज के बारे में प्रशंसकों के साथ खुशी साझा की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, बड़े पर्दे पर आप सभी का मनोरंजन

करने के लिए 19 अगस्त, 2021 को बेल बॉटम आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन चर्चित निर्देशक रंजीत एम तिवारी ने किया है।

बेल बॉटम 27 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कारण फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया था। फिल्म की रिलीज डेट को कई बार स्थगित किया जा चुका है। 27 जुलाई से पहले फिल्म को इसी साल 28 मई को रिलीज किया जाना था। उस वक्त भी कोरोना महामारी के कारण फिल्म को रिलीज नहीं किया जा सका था। अब दर्शकों का इंतजार खत्म हो सकता है।

इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि अक्षय की इस फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। इसके बाद वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट ने एक बयान जारी करते हुए इस तरह की सभी अफवाहों को खारिज कर दिया था। वासु और जैकी भगनानी के कंधे पर फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी थी। बेल बॉटम 80 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें अक्षय रेट्रो लुक में दिखेंगे।

वाणी कपूर आयी नजर ब्राइड्स टुडे मैगज़ीन के कवर पेज पर

जब भी वह किसी मैगजीन कवर पर आती है तो सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। उन्होंने अपनी पहली फिल्म के बाद से अपने आप को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म किया है और उनके फैंस उनकी किलर लुक्स से हमेशा इम्प्रेसेड रहते है। उनकी मुस्कान आपका दिन बदल सकती है, हम बात कर रहे है वाणी कपूर की जो ब्राइड्स टुडे मैगज़ीन के कवर पेज पर नजर आ रही है। कवर पेज अपने फैंस के साथ शेयर करते हुए वाणी ने लिखा, नारंगी इस नारंगी लहेंगा चोली में वाणी बेहद खूबसूरत लग रही है। ओवरआल उन्होंने बोहो लुक अपनाया है और उनके फैंस को यह काफी पसंद आ रहा है। वाणी ने साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनकी अगली फिल्म बेफिक्रे साल 2016 में आयी थी और इस फिल्म में वाणी पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म होकर वापस आयी। आज उन्होंने बॉलीवुड में भले ही सिर्फ तीन फिल्में की है लेकिन हर कोई उनके साथ काम करना चाहता है। वर्कफ्रंट पर उनके पास काफी फिल्में है। वह जल्दी ही फिल्म शमशेरा में नजर आएंगी जिसमे उनके साथ रणबीर कपूर और संजय दत्त नजर आने वाले हैं। फिल्म को करण मल्होत्रा ने डायरेक्ट किया है और यह फिल्म एक डाकुओं की टोली पर आधारित है जो अंग्रेज सरकार से अपने हक के लिए लड़े थे। इसके साथ साथ वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म बेल बॉटम में भी नजर आएँगी। फिल्म को रंजीत तिवारी ने डायरेक्ट किया है और वाशु भगनानी , जैकी भगनानी , दीपशिखा देशमुख , मोनिशा आडवाणी , मंजू भोजवानी और निखिल आडवाणी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनके साथ लारा भूपति और हुमा कुरैशी भी नजर आएँगी। अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज की जायेगी। वह आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी में भी नजर आएँगी। यह एक प्रेम कहानी है जिसे अभिषेक कपूर ने डायरेक्ट किया है।

दिव्या दत्ता ने पूरी की फिल्म धाकड़ की शूटिंग

कंगना रनौत, अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता की अपकमिंग फिल्म धाकड़ की शूटिंग बुडापेस्ट में की जा रहीं हैं। कुछ दिन पहले ही अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर जानकारी दी थी कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। और अब इस फिल्म की टीम के एक और सदस्य ने शूटिंग पूरी कर ली है। जी हां!! दरअसल एक्ट्रेस दिव्या दत्ता ने भी अपने हिस्से की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया पर दी। दिव्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की, जिसमे से पहली फोटो में वह अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी होकर पोज दे रहीं हैं, वहीं दूसरी फोटो में वो फिल्म की टीम के साथ नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने अपने किरदार के नाम का भी खुलासा किया। दिव्या ने लिखा, शूटिंग को रिज्यूम करना और अपना फेवरेट किरदार निभाना बहुत ही खूबसूरत एहसास है। रोहिणी का किरदार निभाने की जर्नी बहुत ही शानदार रहीं। और अब मेरे हिस्से की शूटिंग पूरी हो गई है। इसे यादगारों बनाने के लिए मेरी टीम को एक बड़ा वाला हग। कुछ खूबसूरत यादें अपने साथ ले जा रहीं हूँ।चीयर्स। दिव्या इस फिल्म में रोहिणी का किरदार निभाने वाली है, वहीं कंगना एजेंट अग्नि का किरदार निभाने वाली है। इस फिल्म में कंगना का जबरजस्त एक्शन देखने को मिलने वाला है। जानकारी के लिए बता दें कि अर्जुन रामपाल ने भी कुछ दिन पहले पोस्ट शेयर कर अपने हिस्से की शूटिंग खत्म करने की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था, धाकड़ का मेरा शूट खत्म हुआ, एकदम से खाली सा महसूस हो रहा है, ऐसा तब महसूस होता है जब आप कुछ ऐसा काम पूरा करते हैं, जो आपके दिल के बेहद करीब होता है। टीम, क्रू, यादें... सब कुछ बहुत खास है। माफी, क्योंकि कंगना के साथ सेट की तस्वीर को क्रॉप करना पड़ा, क्योंकि दोनों का लुक अभी रिवील नहीं कर सकते।

घर पर होम मेड बॉडी वॉश बनाने के लिए अपनाएं ये तरीका

हमारी त्वचा बेहद नाजुक होती है. इसलिए कोई भी मौसम हों हम त्वचा का खास ख्याल रखते हैं. गर्मी, धूप और प्रदूषण की वजह से कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. खासतौर पर मानसून के मौसम में नमी की वजह से त्वचा चिपचिपी और अधिक ऑयली नजर आती है. ऐसे में त्वचा को किसी तरह के केमिकल प्रोडक्ट्स की जगह घरेलू उपायों को अपनाते हैं. इसका साइड इफेक्ट भी नहीं होता है.

कई लोग साबुन की जगह बॉडी वॉश का इस्तेमाल करते हैं. ये आपकी त्वचा के पीएच को बनाएं रखने का काम करता है. अगर आप भी त्वचा को साफ रखने के लिए बॉडी वॉश का इस्तेमाल करती हैं तो हम आपको कुछ घरेलू उपाय बता रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर घर पर हर्बल बॉडी वॉश बना सकती हैं.

सामग्री

कैस्टाइल साबुन -1

शहद-1 कप

एलो जूस-1 कप

जैतून का तेल- 1कप

एसेंशियल ऑयल-2 बड़े चम्मच

बनाने की विधि

- सबसे पहले ऊपर दी गई सभी चीजों को एक बोतल में मिला लें.
- इसके बाद लिक्विड कैस्टाइल सोप मिला लें.
- उसके बाद इस मिश्रण में कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिलाएं और बोतल को अच्छे से हिलाएं.
- बोतल में सभी चीजों को अच्छे से मिलाने के बाद ठंडी जगह पर रख दें.
- आप इस बॉडी वॉश को एक साल तक इस्तेमाल कर सकते हैं.
- हर्बल बॉडी वॉश के फायदे
- इस बॉडी वॉश में जैतून और एलोवेरा का तेल है. ये दोनों चीजें त्वचा के रूखेपन को दूर कर नमी बनाएं रखने में मदद करती है.
- इसमें मौजूद एसेंशियल ऑयल त्वचा के लिए फायदेमंद होता है. ये हर्बल बॉडी वॉश आपको गर्मी में फ्रेश और ठंडक देगा.
- अगर आपकी त्वचा सेंसटिव है या फिर आप प्रेगनेंट हैं तो ये हर्बल वॉश आप बिना किसी डर के इस्तेमाल कर सकती है.
- इस प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।

दृष्टि धामी का नया अवतार, द् एम्पायर जल्द रिलीज के लिए तैयार

डिस्नी प्लस हॉटस्टार अपने नए कंटेंट को रिलीज करने के लिए तैयार हैं। नई फिल्में और नए सिरीज जल्द ही रिलीज किए जाने हैं। ऐसे में आज हॉटस्टार द्वारा हिस्टोरिकल फिक्शन सिरीज द् एम्पायर के इंट्री विडियो को रिलीज किया गया। जिसमें एक्ट्रेस दृष्टि धामी के किरदार की झलक दिखाई गई। दृष्टि सिरीज में खानजादा बेगम का किरदार निभा रही हैं। इस विडियो को शेयर कर दृष्टि एक्साइटेड नजर आई। विडियो की बात करें तो, विडियो में दृष्टि बेगम की तरह अनारकली सूट पहने नजर आई। विडियो के जरिए दृष्टि के किरदार को दिखाने की कोशिश की गई। इस विडियो को शेयर कर दृष्टि ने कैप्शन में लिखा, फैमिली से बढ़कर कोई नहीं..द् एम्पायर के लिए कोई भी समझौता मंजूर नहीं.. हॉटस्टार स्पेशल द् एम्पायर जल्द रिलीज हो रहा हैं, डिस्नी प्लस हॉटस्टार पर.. इस तरह से दृष्टि ने अपनी खुशी जाहिर की। इस सिरीज में दृष्टि के अलावा कुणाल कपूर, शबाना आजमी, सृजन श्रीवास्तव और डिनो मोरिया मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस सिरीज की कहानी एलेक्स रूथरफोर्ड द्वारा लिखी एम्पायर ऑफ मुगल पर बेस्ड हैं। इस सिरीज को निखिल अडवाणी ने बनाया। बता दें कि, इस सिरीज के लिए सभी कलाकार एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। जल्द ही सिरीज को रिलीज किया जाएगा। सिरीज मिताक्षरा कुमार द्वारा डायरेक्ट किया जा रहा है। स्क्रीनप्ले भवानी अय्यर ने लिखे वहीं डॉयलॉग कौसर मुनीर ने लिखा हैं। देखना होगा, सिरीज कब तक रिलीज की जाएगी। और सिरीज के दूसरे सीजन को भी रिलीज किया जाएगा या नहीं।

दतिया मेडिकल कॉलेज में अमृत महोत्सव के तत्वाधान में संपन्न हुआ रक्तदान शिविर

रिकॉर्ड 75 यूनिट का हुआ रक्तदान

रक्तदान से शरीर होता है मजबूत और स्वस्थ-डीन डॉ दिनेश उदेनिया

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

आज दिनांक 30 सितंबर को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में , रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया , इस दौरान रिकॉर्ड 75 यूनिट रक्तदान हुआ,जो दतिया के इतिहास में आज तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस शिविर का आयोजन , अस्पताल अधीक्षक एवम विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग डॉ अर्जुन सिंह, सेंट्रल पैथोलॉजी लेब प्रभारी, सह प्राध्यापक डॉ आनंद भदकारिया और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ जय भारत जी द्वारा आयोजित किया गया । इस दौरान डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने सभी चिकित्सकों , नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर

कमजोर नही अपितु मजबूत और स्वस्थ होता है। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह, डॉ चक्रपाणि अवस्थी, डॉ अंशिका अग्रवाल ,गार्ड शिवम ने भी रक्तदान किया डॉ अर्जुन सिंह ने बताया कि माननीय अधिष्ठाता महोदय डॉ दिनेश उदैनिया जी के मार्गदर्शन में आज दिनाँक 30 सितंबर 2022 ,शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में रक्तदान अमृत महोत्सव* के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, अतः शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के सभी चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर,

कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों और छात्रों से अपील की थी आप सब इस विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदान करें और दतिया शहर के आजतक के (52 ठ्ठद्बह्ल) रक्तदान के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम नया कीर्तिमान रिकॉर्ड बनायें । इसी भावना के साथ शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने आज रिकॉर्ड बनाया है।

साथ ही साथ डॉ अर्जुन सिंह ने बताया कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं होती बल्कि निम्नलिखित 05 फायदे होते हैं।

(1) हृदयघात से बचाता है।
(2) ब्रेन स्ट्रोक रोकता है।
(3) शरीर में नई कोशिका को बनाता है।
(4) कैंसर से बचाव करता है।
(5) मानव जीवन को बचाने का पुण्य कमाता है।

उपरोक्त जानकारी मेडिकल कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी डॉ हेमंत जैन ने मीडिया को दी

बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनेक घटनाओं के लेकर दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आज 30 सितंबर 2022 को बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय जी के नाम से नरवर

तहसीलदार महोदय जी को करैरा विधानसभा के अंतर्गत किसानों की बिजली कटौती मनचाहा बिल खाद बीज फसल का उचित दाम ना मिल पाना किसानों द्वारा सोसाइटी में डाली गई धान के पैसे का भुगतान न किए जाने के संबंध एवं वृद्धा पेंशन आवास नामांतरण अन्य जन हितकारी योजना तथा कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली के संबंध मैं तथा अतिथि शिक्षक आंगनबाड़ी आशा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन स्थाई कर्मी की मांग को लेकर तथा विधानसभा में हो रहे अन्य अत्याचार अपराध तथा वन भूमि पर आदिवासियों को पट्टा पक्का मकान आदि दिया जाने के संबंध में माननीय जिलाध्यक्ष जी के निर्देशानुसार शांतिदास फले जिला संगठन मंत्री बसपा राजेंद्र जाटव जी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बसपा करैरा दीवान सिंह बघेल विधानसभा प्रभारी बसपा रामचरण जाटव जी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बसपा करैरा बंटी नरवरिया जी नगर अध्यक्ष बसपा नीरज जाटव युवा नेता राहुल जाटव बद्री प्रसाद मनोज सत्येंद्र,सोनू निगम मीडिया, युवा कार्यकर्ता दामो नरवरिया युवा कार्यकर्ता एवं जिम्मेदार कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित होकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाया

जेलर दिनेश सिंह द्वारा शिवपुरी सर्किल जेल में योग प्राण विद्या ध्यान कार्यक्रम सम्पन्न।

आर एस रजक

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले की सर्किल जेल से है जहाँ आज बन्दी जनों के बीच योगाचार्य स्वामी श्यामदेव (योग प्राण विद्या विशेषज्ञ) द्वारा अपराध न करने एवं नशा छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही सभी बंधु जनों को अच्छे आचरण और बाहर जाने के बाद अपने काम और परिवार के लोगों से साथ में रखने की सलाह साथ ही प्राणायाम एवम ध्यान कराया गया। दी साथ ही इस कार्यक्रम के मौके पर सर्किल जेल के जेलर दिनेश साहू मौजूद रहे सहयोगी के रूप में रामस्वरूप रजक रहे जो कि हैं मौजूद रहे। उन्होने हमें अपनी मासिक पत्रिका भी भेंट की।

30 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत शैलेंद्र कुमार लोधी करंट लगने से मौके पर हुई मौत

बिजली ने 30 वर्षीय व्यक्ति को अपनी आगोश मे लिया परिवार में मातम का शोक छाया

हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे

खनियाधाना मामला खनियाधाना तहसील के अंतर्गत ग्राम राजपुर धपोरा से आ रहा

है जहां पर ग्राम राजपुर धपोरा में 30 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौके पर ही मौत बताया जा रहा है 30 वर्षीय शैलेंद्र कुमार लोधी अपने निज निवास घर पर सोने के लिए दोपहर करीबन 12 बजे आया सोते ही समय कूलर का करंट फैल गया और करंट ने 30 वर्षीय व्यक्ति शैलेंद्र कुमार लोधी को अपनी आगोश में ले लिया शैलेंद्र कुमार लोधी ने घर पर बिस्तर किया और सो गया और करंट लगने से शैलेंद्र कुमार लोधी की मौके पर ही मौत परिजन में मातम की लहर छाई हुई है शोक संवेदनाएं ग्रामीणों द्वारा दी जा रही है सारे ग्राम में शोक छाया हुआ है अपने परिवार का पालन पोषण करना एवं सुचारू रूप से अपने परिवार की देखरेख करना उसका दायित्व था लेकिन समय खराब आने के कारण शैलेंद्र कुमार लोधी 30 वर्ष निवासी राजपुर धपोरा तहसील खनियाधना को करंट लगने से तुरंत मौके पर हुई मौत परिवार में सन्नाटा छाया हुआ है

शिवपुरी पुलिस द्वारा दिनांक 29-30 की रात्रि में कॉम्बिंग गस्त कर अबैध शराब, स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, फरार अपराधियों के खिलाफ की कार्यवाही।

संवादाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 29-30/09/22 की रात्रि को रात्रि 11ः00 बजे से सुबह 5ः00 बजे तक सभी एसडीओपी एवं सभी थाना

प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में एक साथ कांबिंग गस्त की गई कॉम्बिंग गस्त से पहले ही सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के गुंडा बदमाश, एचएस, फरार वारंटीओं, स्थाई वारंटीओं की लिस्टिंग की गई उसके बाद ही प्लानिंग के साथ सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए कॉम्बिंग गस्त की गई । गश्त के दौरान सभी एचएस स्थाई वारंटी गिरफ्तारी वारंटी अपराध में फरार आरोपियों क्षेत्र के होटल ढाबे दो पहिया वाहन चार पहिया वाहनों एवं अबैध शराब बेचने बालों एवं परिवहन आदि की तलाशी की गई तलाशी के दौरान पुलिस द्वारा 52 गुण्डों को चैक किया, 45 एच.एस चैक किये, 41 गिरफ्तारी वारंट तामील किये, 11 स्थाई वारंट तामील किये एवं अबैध शराब के 10 प्रकरणों मे कुल 137.6 लीटर अबैध शराब जप्त कर कार्यवाही की गई ।

डिज़ीटलाईज़ेशन का ज़माना है फिर भी लोग परेशान है

माना आजकल हर काम डिज़ीटल टेक्नोलॉजी से आसान हो गया है पर, क्या इस टेक्नोलॉजी का उपयोग करना सभी को आता है? ÷बिलकुल नहीं÷ पढ़े लिखे आजकल के लोगों को ऑनलाइन व्यवहार आसान लगता है। पर ऐसे कितने सारे बड़े-बुढ़े सीनियर सिटीजन है जिनको ऑनलाइन व्यवहार का ज्ञान नहीं होता। हर छोटे बड़े काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। आज आधार कार्ड ऑफ़िस जाना हुआ, आधार कार्ड में थोड़ा सुधार करने हेतु। वहाँ गये तो पहले सरकारी कर्मचारी ने बोला ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट लेकर आईये उसके बाद ही आपका काम होगा। हमने ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट लेने के लिए एप खोली, पर सर्वर डाउन की वजह से अपोइंटमेन्ट लिंक खुल ही नहीं रहा था। बड़ी मुश्किल से ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट मिली। दूसरे दिन हम वो अपोइंटमेन्ट लेकर वापस आधार कार्ड ऑफ़िस गये। मोबाइल में अपोइंटमेन्ट भी दीखाई, तब हमें कर्मचारी द्वारा बोला गया इसकी प्रिंट आउट बनवाकर ले आईये उसके बाद काम होगा। हम वापस ङ्गद्गह्लष्× वाले को ढूँढते प्रिंट

निकलवाने गये। वापस सर्वर डाउन की प्रोब्लम। मुश्किल से बारकोड वाली प्रिंट निकली उसे लेकर गए तब जाकर काम हुआ। सवाल ये है की जो काम हम पर छोड़ा गया कि ये ले आओ, वो करवा कर आओ वही काम कुर्सी पर बैठा कर्मचारी भी कर सकता तो सामान्य काम इतना कठिन नहीं होता। साथ ही वहाँ विधवा पेंशन धारक 65 साल की महिलाएँ अपने कुछ प्रोब्लम लेकर आई थी, जो मेरे पास रोने लगी। कुछ डॉक्यूमेंटस के लिए सरकारी कर्मचारी उनको परेशान कर रहे थे। न कोई ठीक से जवाब दे रहे थे, न उनकी समस्या सुन रहे थे।

आखरि सरकारी कर्मचारी होते किस लिए है? लोगों के काम करने के लिए ही न। इतनी अनपढ़ और उम्र दराज महिलाएँ ऑनलाइन व्यवहार से अन्जान कहाँ जाए? कोई हेल्प सेंटर नहीं जो उनकी मदद कर दें। एक-एक चीज़ के लिए विधवा महिलाएँ अपने ही हक के लिए भटक रही थी। ऐसी महिलाएँ कर्मचारी पर मोहताज होती है, पर उनकी कोई सुनने वाला नहीं होता। कुर्सी पर बैठे कर्मचारी 5000 के फ़िक्स पगार वाले होते है जो अपने आप को सूबेदार समझते निम्न स्तरीय भाषा में बात करते लोगों को परेशान करते है। कुछ एक महिलाओं को तो कौन से काउंटर पर कागज़ात जमा करवाने है, कहाँ से फोर्म लेना है और फोर्म मैं मैटर भरना भी नहीं आता उपर से ऑनलाइन व्यवहार। ऑनलाइन कोई काम एक बार में नहीं होता लगभग हर लिंक का सर्वर डाउन होता है। ऑनलाइन काम करवाने के लिए सरकार को ऐसी स्ट्रांग एप रखनी चाहिए, जो एक बार खोलने पर ही खुल जाए। साथ ही नये कर्मचारियों की भर्ती करके 25 से 30,000 तक की पगार देकर परमानेंन्ट कर्मचारियों को हर ऑफ़िस में रखने चाहिए। और हर सरकारी ऑफ़िस में एक हेल्प सेंटर होना चाहिए, जिससे लोगों के काम जल्दी से हो। साथ ही जिनको ऑनलाइन व्यवहार का ज्ञान न हो उनका काम सहजता से हो। अंधे, बहरे, गूँगे समाज में कोई बोलने वाला नहीं। मौजूदा सरकार को इन सारे सरकारी कार्यालयों पर नज़र रखकर जनता की परेशानियों का हल निकालना चाहिए

आर,एस रजक
राष्ट्रीय। मीडिया प्रभारी

मध्य प्रदेश सरकार बांटेगी फ्री लैपटॉप, एक क्लिक में छात्रों के खाते में पहुंचेंगे 25 हजार रुपए

भोपाल में आयोजित हुआ कार्यक्रम जिसमें शिवपुरी के बच्चे भी रहे शामिल

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

भोपाल-मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा आज 30 सितंबर 2022 दिन शुक्रवार को प्रतिभाशाली छात्रों को फ्री लैपटॉप बांटे गए. इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. फ्री लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में हुआ . इस फ्री लैपटॉप स्कीम के तहत एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए उनके खाते में 25,000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई जिसमें शिवपुरी के तीन छात्र भी भोपाल के इस कार्यक्रम में अपनी शिक्षिका अनीता राठौर के साथ सम्मिलित हुए ये छात्र छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं मध्य प्रदेश सरकार बांटेगी फ्री लैपटॉप, एक क्लिक में छात्रों के खाते में पहुंचेंगे 25 हजार रुपए भोपाल मैं आयोजित हुआ कार्यक्रम जिसमें शिवपुरी के बच्चे भी रहे शामिल मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा आज 30 सितंबर 2022 दिन

शुक्रवार को प्रतिभाशाली छात्रों को फ्री लैपटॉप बांटे गए. इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. फ्री लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में हुआ . इस फ्री लैपटॉप स्कीम के तहत एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए उनके खाते में 25,000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई जिसमें शिवपुरी के तीन छात्र भी भोपाल के इस कार्यक्रम में अपनी शिक्षिका अनीता राठौर के साथ सम्मिलित हुए

ये छात्र छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं

अर्पणा शर्मा विषय आर्ट से 94%
सिमी राठौर विषय एग्रीकल्चर 94%
प्रवेश वर्मा विषय गणित 96.4%

अधिक जानकारी देते हुए शिवपुरी की शिक्षक अनीता राठौर ने इस योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि

किन्हें मिलेगा लैपटॉप

क्लास 12वीं में पहले प्रयास में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप बांटे जाएंगे. इन स्टूडेंट्स को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि उनके खाते में दी जाएगी. इस योजना से प्रदेश के करीब 95 हजार स्टूडेंट्स को फायदा पहुंचेगा. सीएम एक सिंग्ल क्लिक से स्टूडेंट्स के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे. स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी तैयारियां की गई है

अर्पणा शर्मा विषय आर्ट से 94%
सिमी राठौर विषय एग्रीकल्चर 94%
प्रवेश वर्मा विषय गणित 96.4%

अधिक जानकारी देते हुए शिवपुरी की शिक्षक अनीता राठौर ने इस योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि किन्हें मिलेगा लैपटॉप -

क्लास 12वीं में पहले प्रयास में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप बांटे जाएंगे. इन स्टूडेंट्स को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि उनके खाते में दी जाएगी. इस योजना से प्रदेश के करीब 95 हजार स्टूडेंट्स को फायदा पहुंचेगा. सीएम एक सिंग्ल क्लिक से स्टूडेंट्स के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे. स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी तैयारियां की गई है

नगर पालिका और बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद 33 केव्ही हाईटेंशन लाइट और डीपी के नीचे लगे पेड़ों की डाली टकरा रहे हैं जिसके नीचे पार्क व मंदिर में आने जाने का रास्ता है और पार्क मैं बैठने



के लिए आसपास के लोग व हॉस्पिटल में आए परिजनों के साथ वाले वहां आकर बैठते हैं वही पार्क से लगा खेड़ापति हनुमान मंदिर ने श्रद्धालुओं का आना भी होता है पार्क व मंदिर के गेट के बीच में डीपी लगी हुई है उस पर पेड़ों की डाली टकरा रही है जिससे बारिस के समय पानी बरसने पर दोनों गेटो के रास्ते में करंट आता है जिससे कभी भी कोई बड़ी जनहानि हो सकती है वही मोहल्ले वालों ने कहा कि कई बार सीएमओ को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया है लेकिन सीएमओ इंतजार कर रहे हैं कि कोई बड़ी लापरवाही हो जाए मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस पार्क में बैठने के लिए लोगों का आना जाना और मंदिर में लोगों का श्रद्धालुओं का आना जाना होता है बारिश के समय यहां करंट रहता है जिस पर अधिकारियों को कई बार बोला गया है लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है

शिविरों के जरिए आसानी से मिल रहा है हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ: मंत्री श्री सिंह

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे

पन्ना। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत शुक्रवार को अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों में पहुंचकर ग्रामीणजनों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे ग्राम पंचायत मुख्यालय बीहरसरवरिया, लोढ़ापुरवा, जिगनी, चंदौरा, बरौली और रामनई में शुक्रवार को अभियान के तहत शिविर आयोजित किए गए थे। उन्होंने कहा कि अभियान में प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों के जरिए सभी पात्र हितग्राहियों को आसानी से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पूर्व में आयोजित होने वाले शिविरों में आमजनों द्वारा प्रायः समय पर योजनाओं का लाभ नहीं मिलने अथवा शिकायत निराकरण की तत्काल कार्यवाही नहीं करने संबंधी शिकायत की जाती थी, लेकिन इस अभियान में आयोजित शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिकों को लाभांवित किया जा रहा है। इसलिए शिविर में पात्र हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से शामिल होकर लाभ उठाना चाहिए। प्रत्येक पात्र आवेदक को योजनाओं का लाभ मिल सके, यही शिविर का उद्देश्य भी है। द्वितीय चरण में शिविर आयोजन के दौरान भी लोगों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक आवेदकों से आवेदन के बाद पावती प्राप्त करने के लिए भी कहा। साथ ही कहा कि कुछ ग्रामों में किसी व्यक्ति की जमीन दूसरे व्यक्तियों के नाम पर दर्ज होने की शिकायत मिलने पर जांच करवाई गई और मैपिंग त्रुटि के कारण ऐसे 4 गांव का चिन्हांकन कर सुधार करवाया गया है। इस संबंध में तहसीलदार को शिविर आयोजित कर शिकायत निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जरूरी विकास कार्यों के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कई विकास कार्यों के लिए निविदा की कार्यवाही भी पूरी कर ली गई है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 75 करोड़ रूपये की लागत से 45 कि.मी. लंबाई की नहरपट्टी रोड निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू होगा। सड़क बनने से गांवों में आवागमन की सुलभ सुविधा मिलने के साथ ही गांव की तरक्की भी होगी। सड़क निर्माण के दौरान 6 पुल भी निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अजयगढ़ में 220 के.व्ही. के पॉवर स्टेशन बनने से क्षेत्र में बिजली की समस्या का निराकरण होगा। इसी तरह मझगांय बांध परियोजना के माध्यम से पानी की समस्या का निराकरण कराया जाएगा। अजयगढ़ विकासखण्ड में अटल भू-जल मिशन के तहत भी आवश्यक कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को क्षेत्र में स्वीकृत विभिन्न सड़क व पुल निर्माण की जानकारी से अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में भोपाल के चिरायु अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा अजयगढ़ में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण होगा और गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों का इलाज भी करवाया जाएगा। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एक दर्जन हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरित किए गए

अरुण कुशवाह रिपोटर पुष्पांजली टुडे

कोलारस। नगर परिषद सीएमओ महेश चंद्र जाटव ने मानीपुरा स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर नगर के एक दर्जन से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए इस दौरान इंडेन गैस एजेंसी के संचालक रोहित गर्ग भी मौजूद थे एजेंसी संचालक रोहित गर्ग ने बताया की पात्र हितग्राही भी अपना आवेदन जमा करके गैस कनेक्शन ले सकता है

मारूति गौशाला का हुआ भूमि पूजन

पुष्पांजली टुडे

बेंगलुरू ञ्री स्वामी समर्थ रामदास ट्रस्ट सकरायापट्टाना द्वारा पंचमुखी अंजनैया देवस्थाना एवं मारुति गौशाला भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के एन रमेश गो प्रेमी महेंद्र मुणोत शकुंतला प्रकाश उपस्थित थे मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा भगवान कृष्ण ने गाय को मां कहा गाय के दूध को अमृत कहा भगवान कृष्ण का गो प्रेम मानव जाति के लिए प्रेरणा है गौ सेवा हम सब का कर्तव्य है ट्रस्ट के प्रमुख संतोष गुरुजी ने अतिथियों का एवं भूमि सहयोगी मोहम्मद नासिर उद्दीन इकरामुद्दीन साबिर का सम्मान किया धन्यवाद

कलेक्टर के आदेश का नही किया जा रहा पालन

रिपोर्टर प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजली टुडे

गुना जिले के नगर परिषद मधुसुदनगढ़ में कलेक्टर फैंक नोवेल ए के आदेश के बाद भी मधुसुदनगढ़ में मीट मार्केट खुल रहा है प्रशासन कलेक्टर के आदेश का नही करा रहे है पालन कलेक्टर महोदय ने नवरात्रि महोत्सव को लेकर मीट मार्केट बंद करने के दिए थे आदेश इसके बाद भी कलेक्टर महोदय के आदेश का क्यों नही किया जा रहा है पालन मीट मार्केट की दुकानें पहले के समय अनुसार खोली और बंद की जा रही है प्रशासन क्यों नहीं कर रहा है मीट की दुकानदारों पर कार्यवाही क्या प्रशासन से मिल जुल कर चल रहा है काम काज।

क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है ग्राम मामोनी में

राकेश परिहार,

करैरा अनु विभाग ग्राम पंचायत मामोनी में क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त क्षत्रिय खंगार समाज सम्मिलित हो रही है और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है साथ ही क्षत्रिय खंगार समाज की कुलदेवी गजानन माता की प्रतिष्ठा की जा रही है जिसमें सभी समस्त क्षत्रिय खंगार समाज में उत्साह है क्षत्रिय खंगार समाज को एक गौरव दिवस जैसा महान दिन है जिसमें क्षत्रिय खंगार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार का आगमन हुआ और जिला अध्यक्ष मजबूत सिंग शिवपुरी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर परमानंद खंगार मनोज परिहार सरपंच महामंत्री भाजपा कार्यक्रम की व्यवस्थापक रूपरेखा रखने वाले विजय सिंह परिहार पूर्व सरपंच मामोनी खुर्द एवं पिछोर वार्ड क्रमांक 6 से जनपद सदस्य कप्तान सिंह परिहार एवं समस्त क्षत्रिय खंगार समाज उपस्थित रहे

कैलासवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया के विचारों को अंतिम छोर तक व्यक्तिगत पहुंचाकर उन्हें शासन की योजना का लाभ दिलाएं : पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह

श्रीमंत कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर गौरी के किनारे स्थित गणेश मंदिर पर गरीबों को कराया भोजन निराश्रित भवन में फलों का किया वितरण

पूर्व विधायक कुशवाह सहित भाजपा नेताओं एवं सिंधिया समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जननायक पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर गौरी सरोवर पर निराश्रित वृद्धों को और संतों को भोजन एवं मिठाई और चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

श्रीमंत कैलाश वासी माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विकास जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक निवासरत व्यक्ति को पहुंचाकर योजना का लाभ दिलाएं यही उनके लिए सच्ची भाव से श्रद्धांजलि अर्पित होगी श्रीमंत माधवराव सिंधिया का भाव हमेशा विकास की ओर रहा, हम सब उनके अनुकरणीय सिद्धांत, विचारों के प्रति जागरूक बनते हुए कार्य करें ।

पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं कार्यक्रम आयोजक युवा नेता भाजपा सिद्धार्थ जैन जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा ने अपने हाथों से भोजन को परोसा।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता सिध्दार्थ जैन ने किया । इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आदरणीय नरेंद्र सिंह कुशवाह, रविन्द्र नरवरिया एडवोकेट, भाजपा नेता सुनील दुबे, जिला मंत्री तरुण शर्मा, विकास शर्मा , मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेलू भदौरिया, प्रतीक पांडे, पवन जैन, राकेश चौधरी, अतुल पाठक, हरिकिशन चौधरी अटेर, मनोज जैन पवनेश शर्मा आदि उपस्थित थे ।

प्रदेश में सबसे अधिक सीहोर में हैं शतायु मतदाता

आज मनाया जाएगा अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

सीहोर। प्रदेश में सबसे अधिक सीहोर में शतायु मतदाताओं की संख्या 325 मतदाता वाला जिला सीहोर है। देश में प्रथम आम चुनाव से अब तक निरंतर मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त कर रहे वयोवृद्ध मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग सम्मानित करेगा। इसमें 100 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाता शामिल होंगे। इन मतदाताओं को यह सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर को दिया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से पूरे प्रदेश में होगा। भोपाल में मुख्य निर्वाचन सदन मध्यप्रदेश में कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रदेश में यह नवाचार पहली बार हो रहा है जब 100 साल या इससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आयोग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त श्री अनूप चंद्र पांडेय, भारत निर्वाचन आयोग वर्चुअली शामिल होंगे और वे वृद्धजनों से संवाद भी करेंगे। एक अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनकी आयु 100 वर्ष या 100 वर्ष से अधिक है। उन्हे अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सम्मानित किये जाने के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल द्वारा जारी आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सम्मान कार्यक्रम उन ग्रामों में आयोजित किया जाएंगे, जिनमें 100 वर्ष या 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता निवासरत हैं। कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से पंचायत भवन अथवा शाला भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाये कि वरिष्ठ मतदाता जिनका सम्मान किया जाना है ये कार्यक्रम पर उपस्थित होने हेतु शारीरिक रूप से सक्षम हों। इस संबंध में उनके परिवार के सदस्यों से सहमति ले ली जाये। परन्तु ऐसे मतदाता जो कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने में असमर्थ हैं, तब ऐसी स्थिति में उनका सम्मान उनके निवास स्थल पर गठित समिति द्वारा किया जाए।

सम्मान समिति में बीएलओ ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,

स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रोजगार सहायक रहेंगे। सम्मान समारोह के अंतर्गत वरिष्ठ मतदाता को सम्मान पत्र पुष्पहार, शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जिला स्तर के अधिकारियों को भेजा जाये, किसी एक कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहें। पंचायत मुख्यालय स्तर पर यदि एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं जिनमें 100 वर्ष या 100 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के मतदाता निवासरत हैं, तो यथासंभव एक ही स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया जाए। सम्मान समारोह के बाद स्वीप की गतिविधियों जैसे- निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित मतदाता सूची का वाचन, गीत गायन, नाटक, वाद-विवाद, स्लोगन, पोस्टर निर्माण, तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया जाए।

क्या मुख्यमंत्री को पता नहीं था रवी फसल बोनी के लिए किसानों को चाहिए रासायनिक खाद ?

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

भिंड। राजेश शर्मा, जिला महासचिव, मध्य प्रदेश किसान सभा भिंड से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य समिति सदस्य, जिला महासचिव राजेश शर्मा ने प्रेस को जारी बिज्ञपती जारी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा आपको पता नहीं था कि किसानों को रवि की फसल बोनी के लिए रासायनिक खाद की आवश्यकता पड़ेगी, आज किसान खाद के लिए भटक रहा है, एक किसान को 5 बोरी डीएपी 5 बोरी यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है जो अपर्याप्त है, वह भी लाइन में खड़े खड़े 3-00 3 दिन में मिल पा रहा है,। किसान नेता ने कहा कि क्या इस देश में वास्तव में खाद की कमी है, प्रत्येक जिले से कृषि विभाग की तरफ से जितनी जरूरत होती है उस हिसाब से राज्य सरकार के लिए मांग पत्र भेजा जाता है उस्मान के हिसाब से सरकार प्रत्येक जिले को खाद की आपूर्ति करती है किसान नेता ने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद का कोई संकट नहीं है सरकार में बैठे लोगों द्वारा कृत्रिम संकट पैदा किया गया है ताकि नकली खाद बेचने वाले प्राइवेट खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाया जा सके, बेचारा किसान मजबूरी में महंगे दामों में बाजार से खाद लेने को मंजूर है, और ये है बाजार की खाद की असली होने की गारंटी भी नहीं है। किसान नेता ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों को किसानों की चिंता नहीं खाद माफियाओं की ज्यादा चिंता है, क्योंकि यही खाद माफिया भाजपा को चुनाव में मोटा मोटा चंदा देते हैं ?, किसान नेता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि तत्काल किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए अन्यथा हमारे संगठन को मजबूरन होकर आंदोलन करना पड़ेगा।

मेहगांव विधानसभा क्षेत्र खारीपुरा गांव के मिडिल स्कूल में शिक्षकों का बोलबाला अनुपस्थित होने पर भी पहले से लगाकर रखते हैं उपस्थिति

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

भिंड जिले मै शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही शिक्षक आते भी नहीं है फिर भी हाजिरी चलती रहती है जी हां हम बात कर रहे हैं मेहगांव विधानसभा में आने वाले गांव खारीपुरा मिडिल स्कूल का मामला जहां पर शिक्षक यजुवेद्र सिंह नरवरिया अनुपस्थित होने पर भी उपस्थिति रजिस्टर में पहले से दर्ज कर अपनी पूरी सैलरी का आनंद ले रहे हैं इन पर शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है जब मन चाहे घर चले जाते हैं सुबह आकर अपनी हाजिरी लगा जाते हैं घर चले जाते हैं पकड़े जाने पर हर गलती करने वाला व्यक्ति यही कहता है मुझ

से पहली बार हुई जबकि वह रोज करता है इस बारे में हेड मास्टर महोदय वीरेंद्र सिंह तोमर को पूछा गया क्या आप की कोई जिम्मेदारी नहीं है तो उन्होंने शिक्षक पर पल्ला झाड़ दिया और बोले मैंने उसे रोका था पर उसने मेरे आदेश की अवहेलना की है और अपनी जिम्मेदारी से परे हट दे नजर हेड मास्टर इंचार्ज वीरेंद्र सिंह तोमर साहब जब मीडिया कर्मियों ने पूछा कि आपके स्कूल में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं है तो उन्होंने फिर से शिक्षक पर पल्ला झाड़ दिया और बोले मैं हेड मास्टर हूं मेरी जिम्मेदारी नहीं मैं ऑफिस में तमाम काम होते हैं बच्चों की जिम्मेदारी बाकी शिक्षकों की है उन्हें पता होना चाहिए बच्चे आए या चले गए क्यों चले गए मुझे ऑफिस में बैठकर और भी काम करने होते हैं हेड मास्टर तोमर और बोले आपको भरोसा नहीं है बच्चे आए थे

या नहीं तो आप उपस्थिति रजिस्टर देख सकते हैं कि बच्चे आए थे या नहीं आपको रजिस्टर दिखा देता हूं उसमें 25-30 बच्चे रोज आते हैं तो हेड मास्टर साहब तोमर ने बच्चों की हाजिरी रजिस्टर दिखाएं तो उसमें एक भी बच्चे की हाजिरी नहीं लगी थी तो हेड मास्टर तोमर साहब ने फिर से अपनी जिम्मेदारी को शिक्षकों के ऊपर थोपते नजर आए फिर जब मीडिया कर्मियों ने हेड मास्टर महोदय से पूछा क्या आपके स्कूल में खाना बनता है हां बनता है रोज बनता है अब आप ही बताओ जब स्कूल में बच्चे ही नहीं आते है तो खाना किसके लिए बनाते हैं और किस को खिलाते हैं या खुद खाते इस तरीके



से लगाया जा रहा है शासन की योजनाओं को पलीता शासन द्वारा दिए गए लाखों रुपए की राशि बच्चों के खाने के लिए हेड मास्टर महोदय को दी जाती है ऑफिस में बैठकर ही खा जाते हैं पूरा पैसा क्योंकि किचन का तो ताला ही नहीं खुलता जब की बच्चे तो 1-00 बजे से स्कूल में नहीं मिले थे मीडिया कर्मी वहीं पर बैठे थे तो लंच कहां से हुआ और कहां खाना कब खा लिया गया जबकि किचन का ताला ही नहीं खुला सरकार बच्चों को खिलाने के लिए दे रही है खाने का पैसा जिम्मेदार अधिकारियों को बखूबी नहीं निभा पा रहे हैं इसीलिए शासकीय स्कूलों का यह हाल है अब देखना यह दिलचस्प होगा वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं इस शिक्षक पर और हेड मास्टर महोदय पर।

इनका कहना है

वह मेरी बात कभी नहीं मानते मेरे आदेश की अवहेलना करते हुए शिक्षक निकल जाते हैं और बच्चों की जिम्मेदारी मेरी नहीं है वह बाकी शिक्षकों की है

वीरेंद्र सिंह तोमर हेड मास्टर खारी पुरा मिडिल स्कूल

इनका कहना है

आपके माध्यम से जो जानकारी मिली है मैं उस पर जांच कर दोषियों सख्त कार्रवाई करूंगा

अरविंद भदौरिया बीआरसी मेहगांव

भाजपा-कांग्रेसी ने मनाई माधवराज सिंधिया की पुण्यतिथि....

यशोधरा हुईं भावुक

विदेश में होने के चलते केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य नहीं आ सके

ग्वालियर। ग्वालियर में शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें छत्री पहुंचकर कांग्रेस और भाजपा नेता दोनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचीं। हालांकि इस दौरान भाजपा के कोई बड़े नेता नजर नहीं आए। कांग्रेस की ओर से पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा पहुंचे। विदेश में होने के चलते ज्योतिरादित्य सिंधिया नहीं आ सके।

स्व.सिंधिया की 21 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार की सुबह नदी गेट स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर शहरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भाई को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा- स्व.माधवराव ने जिस प्रकार से लोगों के लिए कार्य किए, उन्हीं कार्यों ने उन्हें लोगों के दिल में जगह दी। वह ग्वालियर के ही चहेते नहीं, बल्कि जननायक थे। उनके असमय छोड़कर चले जाने से सभी को पीड़ा हुई थी और वह समय कोई भुला नहीं सकेगा, लेकिन उनके सपने और कार्यों को आगे बढ़ाकर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने कहा कि स्व.माधव राव सिंधिया ने ग्वालियर को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया और एक नई पहचान दिलाई। उनके प्रयास से ग्वालियर शिक्षा और क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से उभरा है। मालनपुर और बानमोर में बड़े उद्योग केन्द्रों को स्थापित कर ग्वालियर को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया। इसके अलावा कांग्रेस से महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने माधवराव की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि वह जननायक थे। ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवा ने भी पुष्प चढ़ाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

सिंधिया समर्थक भाजपाई ज्यादा दिखे

कांग्रेस ने हर साल की तरह इस साल भी स्वर्गीय माधव राव की पुण्यतिथि पर कटोरा ताल स्थित उनकी छत्री पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए भाजपा नेता छत्री पर ज्यादा नजर आए। इसके साथ ही अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी स्वर्गीय माधवराव सिंधिया को पुण्य तिथि पर नमन किया। कांग्रेस की ओर से यहां महापौर शोभा सिकरवार, विधायक सतीश सिकरवार, जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव श्रद्धांजलि देने पहुंचे तो वहीं भाजपा नेता बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल,बाल खांडे सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी माधवराव सिंधिया को पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए।

क्षत्रिय महासभा ने गायों को लंपी वायरस से बचाने के लिए आयुर्वेदिक मिश्रण से बने हुए लड्डू खिलाए

गायों को बीमारियों से बचाना और उनकी सेवा करना हमारा दायित्व : वंशीवाले सरकार

वंशीवाले सरकार उर्फ (टीपू)
(प्रदेश संगठन महामंत्री, अ.भा. क्षत्रिय महासभा)

पंकज चौधरी
जिला उपाध्यक्ष (ओबीसी)
भारतीय जनता पार्टी, ग्वालियर



भाजपा ओबीसी के जिला उपाध्यक्ष पंकज चौधरी भी रहे शामिल

ग्वालियर के गोले का मंदिर स्थित गौशाला में क्षत्रिय महासभा की टीम और भाजपा की टीम ने गायों को लंपी वायरस से बचाने के लिए आयुर्वेदिक मिश्रण से बने हुए लड्डू खिलाए आपको ज्ञात होगा की देशभर में इन दिनों गायों में भयानक लंपी वायरस ने अपना प्रकोप फैला रखा है जिसके कारण कई गाय तड़प तड़प कर मर चुकी है। इसी के चलते देशभर में हिंदू संगठनों ने गौ माता को इस भयानक वायरस से बचाने के लिए कई तरह के प्रयास शुरू कर दिए हैं इसी तारतम्य में आज गोले का मंदिर स्थित गौशाला पर क्षत्रिय महासभा और भाजपा की टीम ने आयुर्वेदिक लड्डू और चारा खिलाया।

वृद्धजन दिवस आज

आज होगा वरिष्ठजन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

- 75 वर्ष से अधिक आयु के 14 वरिष्ठजन का होगा सम्मान

ग्वालियर। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ग्वालियर द्वारा एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जैन छात्रावास, माधव डिस्पेन्सरी के सामने, लश्कर पर दोपहर 3:30 बजे किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर, ग्वालियर कौशलेन्द्र सिंह विक्रम होंगे, अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित सांघी करेंगे। विशिष्ट अतिथि आशीष तिवारी, सीईओ, जिला पंचायत, ग्वालियर एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संस्थापक भूपेन्द्र जैन होंगे। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ग्वालियर के अध्यक्ष अशोक खण्डेलवाल, सचिव संजय भार्गव व संयोजक डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के 14 ऐसे वरिष्ठजन का सम्मान किया जायेगा, जिन्होंने समाज में उल्लेखनीय कार्य किया है।

सम्मानित होने वाले वरिष्ठजन हैं:-

संक्षिप्त समाचार

कार लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद

मंदिर जाने के लिए कार बुक की, ड्राइवर को बंधक बना लूटा, जाते समय 100 रुपए जेब में रख गए

ग्वालियर। ग्वालियर में गुरुवार को दो बदमाशों ने शीतला माता मंदिर जाने के लिए मोहना से एक टैक्सी कार हायर की थी। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर घाटीगांव पहुंचते ही दोनों बदमाशों ने कार ड्राइवर पर कट्?टा अड़ा दिया। हाथ-पैर बांधे और उसे जंगल में छोड़कर कार लूटकर भाग निकले। बदमाश कार के साथ 25 हजार नकद, मोबाइल भी लूट ले गए। किसी तरह वह पुलिस तक पहुंचा, इसके बाद नाकाबंदी की गई, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। छानबीन के दौरान शुक्रवार को लुटेरे सीसीटीवी फुटेज में नजर आए। एक मेडिकल ऑप पर उन्होंने टैक्सी के बारे में पूछताछ की थी। पुलिस फुटेज के आधार पर उन्हें तलाश रही है। मोहना निवासी रामेश्वर खटीक टैक्सी ड्राइवर है। वह मोहना के सरदार ट्रैवल्स की टैक्सी चलाता है। गुरुवार दोपहर दो लड़के आए और शीतला माता मंदिर दर्शन करने जाने का कहकर अर्टिका बुक की। रामेश्वर कार मप्र 07 पीएल -0112 लेकर मोहना से रवाना हुआ। एक युवक आगे, जबकि एक पीछे बैठा था। कार घाटीगांव स्थित काली माता मंदिर पहुंची, तभी पीछे बैठे बदमाश ने रामेश्वर के गले में रुमाल कस दी। आगे बैठे बदमाश ने कट्?टा तान दिया। उन्होंने उसके हाथ-पैर बांधे और जंगल में कुछ दूर ले जाकर फेंक दिया। उन्होंने जेब में रखे 25 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया। जाते समय उन्होंने उसे 100 रुपए दिए, जिससे वह घर तक पहुंच सके। जैसे-तैसे उसने हाथ छुड़ाए और पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में लगातार सर्चिंग की और भंवरपुरा, मोहना के साथ ही घाटीगांव पुलिस ने सभी नाको को सील कर तलाशा, लेकिन अभी तक बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने जब मोहना में छानबीन की तो जहां से कार हायर की थी। वहां से पास में ही एक मेडिकल स्टोर पर दोनों लुटेरों ने ट्रैवल्स एजेंसी के बारे में पूछताछ की थी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों के चेहरे रिकॉर्ड हो गए। बदमाशों को पता था कि सरदार ने हाल ही में नई कार खरीदी है। पुलिस को शक है कि बदमाश मुरैना की तरफ कार को जंगल व गांवों के रास्ते ले गए हैं।

बेटियों से ही घर मे रौनक है: ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी

ग्वालियर। बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया कि नवदुर्गा महोत्सव अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इसवर्ष भी ÷कन्यापूजन÷ किया जा रहा है इसीक्रम में आज सिरोल स्थित मॉडल टाउन में रहने वाली दीपक एवं कर्षना सिंघल के घर जुड़वा बच्चियों कु.अनन्या व आराध्या सिंघल का कन्यापूजन कर माता को सम्मानित किया वही इसी परिसर में श्री शिवाजी राव व ज्योति उपाध्यक्ष जी की पुत्री कु सिया शर्मा को भी रोरी टिका लगाकर मोती की माला पहनाकर पूजन किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि बेटियों से ही घर मे रौनक होती है जिनकी चहल पहल से घर का कोना कौना जगमगा जाता है। कन्यापूज के इस पावन अवसर पर श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव जी ने भी रोरी चावल लगाकर बेटियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वही शनिवार को पंथ नगर महल्लगांव में 4 बजे नायक जी के घर कन्यापूजन का आयोजन किया जाएगा।

बचपन से शादी तक कई बार हुआ गैंगरेप

10 साल से पड़ोसी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था शोषण

ग्वालियर। ग्वालियर में एक 25 वर्षीय विवाहित महिला के साथ हुए शोषण की कहानी से महिला पुलिस अफसर भी हैरान रह गई है। महिला बचपन से शादी के बाद तक कई बार गैंगरेप झेल चुकी है। साल 2012 में जब वह 15 साल की थी तो पड़ोसी दोस्त ने उसका न्यूड वीडियो शूट कर लिया था। इसके बाद वह ब्लैकमेल कर उसे बुलाने लगा।

उसने अपने दोस्तों, जीजा, बड़े भाई, बाप के साथ मिलकर कई बार उसके साथ गैंगरेप किया। इतना ही नहीं जब उसकी शादी हो गई तो उसे ब्लैकमेल कर बुलाता था। अलग-अलग कमरे, होटल व रिश्तेदारों के घर ले जाकर शारीरिक शोषण किया। जब हद हो गई तो पीड़िता ने पति को आपबीती सुनाई। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शेष की तलाश की जा रही है।

शहर के सिरोल हुरावली इलाके में रहने वाली 25 वर्षीय राधिका (बदला हुआ नाम) ने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि साल 2012 में जब वह 15 साल की थी तो दसवीं में पढ़ती थी। घर के पास ही रहने वाले रिंकू उर्फ रुकवेन्द्र उर्फ राज सेंगर (जाटव) से उसकी दोस्ती थी। एक दिन रिंकू उसे अपने घर पर लेकर गया। यहां उसने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसके अश्लील वीडियो शूट कर लिए। इसके बाद वह उन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने पास बुलाने लगा। आए दिन वह छात्रा को बुलाकर उसका शारीरिक शोषण करता। कुछ दिन तक यह चला उसके बाद रिंकू उसे अपने दोस्त धर्मेन्द्र सोनकर के रूम पर ले जाने लगा। वहां रिंकू के अलावा धर्मेन्द्र सोनकर और रिंकू का जीजा विक्रम ने उसके साथ गैंगरेप किया। ऐसा एक बार नहीं कई बार किया गया। वह लगातार इस शोषण को झेलती रही। अभी तीन साल पहले उसकी शादी मुरैना में हो गई थी। उसे लगा अब शादी के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शादी के बाद भी यह लोग ब्लैकमेल कर कभी पति को मारने की धमकी देकर बुलाते रहे। लगातार उसके साथ गलत काम किया।

पिता-भाई ने दी धमकी, कहा मुंह बंद रखना

लगातार शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग का शिकार पीड़िता ने हिम्मत कर अपने साथ हो रहे बर्ताव की शिकायत रिंकू के बड़े भाई टिल्लू और पिता पंचम सिंह से की। उसे लगा कि यह लोग रिंकू को समझाएंगे। इस पर आरोपी के पिता और भाई ने उसकी मदद तो नहीं की बल्कि उसे धमकाने लगे। उनका कहना था कि यदि तुमने कहीं मुंह खोला तो तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे।

मरने का कर लिया था फैसला

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि वह इनके शोषण से इतना परेशान हो गई थी कि आत्महत्या करने की ठान ली थी। आत्महत्या करने से पहले पति तथा पिता को अपने साथ हो रही ज्यादती के बारे में बताया तो उन्होंने उसे समझाया और थाने लेकर आए। जहां पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी रिंकू को दबोच लिया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले : कलेक्टर

शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत पहुँचे

ग्वालियर। राज्य एवं केन्द्र सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2022 तक प्रदेशव्यापी ÷मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान÷ चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने शुक्रवार को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान के तहत चिन्हित सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही अन्य योजनाओं से संबंधित भी कोई हितग्राही शिविर में आता है तो उसे भी अनिवार्यतः लाभ पहुँचाया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र की चंबल कॉलोनी तथा चंद्रबदनी नाके पर स्थित माधव अंधाश्रम के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में घाटीगाँव तथा गिजोर्रा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बालकों के साथ घटित लैंगिक अपराध की जानकारी मिलने पर

पुलिस सरल भाषा में एफ आई आर, दर्ज करेगी : दीक्षित

ग्वालियर। प्रशिक्षण निर्देशालय पुलिस मुख्यालय भोपाल, के निर्देशानुसार पुलिस प्रशिक्षण शाला तिघरा ग्वालियर द्वारा आयोजित, लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 प्रावधान एवम उत्तरदायित्व विषय पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया। वेबीनार में डा के के दीक्षित पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला ग्वालियर रिसोर्स पर्सन के रूप मे, व्याख्यान दिया।

डा. दीक्षित ने कहा जब भी किसी बालक ,(लड़का और लड़की दोनों शामिल हैं) के साथ लैंगिक अपराध की घटना की जानकारी मिलती है तो पुलिस सरल भाषा में रिपोर्ट दर्ज करेगी और बालक एवम उसके माता पिता या पालक को पढ़ कर सुनाई जावेगी।बालक को एफआईआर की कॉपी निशुल्क मिलेगी एफआईआर की एक प्रति, बालक के पालक या जिस पर बालक विश्वास करता है निशुल्क दी जावेगी।

पुलिस उपलब्ध कराएगी दुभाषिया - यदि एफआईआर ऐसी भाषा में लिखी गई है जिसे बालक समझने में असमर्थ है तो ऐसी स्थिति में, दुभाषिया के द्वारा उसे बालक की भाषा में समझाया जायेगा।पुलिस चाइल्ड फ्रेंडली व्यवहार बालक के साथ करेगी- पुलिस बहुत ही सवेदेनशीलता से बालक के साथ बातचीत करेंगी, जिससे बालक अपने साथ घटित घटना, को विस्तार से बता सके।पुलिस बालक की मेडीकल जाँच/इलाज कराएगी - बालक को हॉस्पिटल लेकर जायेगी । बालिका की मेडीकल जाँच, के लिए, महिला आरक्षक/ऑफिसर ही, अस्पताल ले कर जायेंगे। महिला चिकित्सक के द्वारा ही, बालिका की मेडीकल जाँच की जाएगी ।पुलिस बाल कल्याण समिति और विशेष न्यायालय को रिपोर्ट करेगी पुलिस अनावश्यक बिलंब के बिना परंतु 24 घंटे की अवधि के भीतर मामले को बाल कल्याण समिति और विशेष न्यायालय को रिपोर्ट करेगी।

इन्होंने लिया भाग

कार्यक्रम में ग्वालियर सम्भाग (अशोक नगर, गुना, शिवपुरी दतिया एवम ग्वालियर) के पुलिस के प्रधान आरक्षक एवम ऑफिसर ने ऑनलाइन भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन मुरारी लाल गुप्ता एडीपीओ, ने किया और विशेष सहयोग नीलम दीक्षित ब्रांच मैनेजर तथा अछेंद्र सिंह कुशवाह प्रोग्राम ऑफिसर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच ने किया।

मुनिश्री पनिहार जैन मंदिर पहुचे, शांतिगिरी अमीगाँव जैन तीर्थ में भव्य मंगल प्रवेश होगा

ग्वालियर। पनिहार बराई रोड़ स्थित प्राचीन जैन तीर्थ श्री शांतिगिरि अतिशय क्षेत्र आंमीगाँव में 3000 वर्ग फीट का मन्दिर हॉल का भूमिपूजन शिलान्यास एवं क्षमावाणी समारोह परम पूज्य श्रमण मुनिश्री 108 विनय सागर महाराज के मंगल सानिध्य में 02 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें ग्वालियर शहर के अलग अलग स्थानों से निशुल्क बसे ले जाने के लिए मौजूद रहेगी।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में लगभग में 1500 वर्ष प्राचीन धरोहर खंड़गासन प्रतिमाएं श्री शांतिगिरि अतिशय क्षेत्र आंमीगाँव मंदिर का शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पूर्वमंत्री लाखन सिंह जी, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ सतीश सिकरवार, महापौर डॉ शोभा सिकरवार, परम संरक्षक पीसी जैन, पूर्व आयुक्त आर. के जैन एवं पूर्व अपर सचिव महेंद्र जैन होंगे।

कार्यक्रम में भिंड, मेहगांव, डबरा, मुरैना, अम्बाह, ग्वालियर आदि जगहों से जैन समाज के लोग बसों से कार्यक्रम में पहुचेंगे।

ग्वालियर से इन स्थानों से बसे रहेगी उपलब्ध

02 अक्टूम्बर रविवार प्रातः 7.00 बजे नियत स्थानों से निःशुल्क ग्वालियर नगर से बस व्यवस्था.दीनदयालनगर, दीनानाथ की बगीची मुरार, सी.पी. कॉलोनी मुरार, थाटीपुर, चेतकपुरी, किलागेट लोहामण्डी, गोपाचल पर्वत (फूलबाग के सामने), इन्दरगंज मन्दिर, आनन्द नगर, बहोड़ापुर,विनय नगर, शिन्दे की छावनी, महावीर धर्मशाला नई सड़क, नयाबाजार, माधौगंज, महाराज बाड़ा, गुढी-गुड़ा का नाका, मामा का बाजार, सिकन्दर कम्पू से रवाना होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478